सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
गुरूवार, 24 नवम्बर 2022
वर्ष-2-अंक 327
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## खास-खबर

### गुजरात चुनाव के लिए महाराष्ट्र में सार्वजनिक छुट्टी पर अजीत पवार ने उठाया सवाल

**मुंबई।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने गुजरात में चुनाव पर महाराष्ट्र के चार जिलों में सार्वजनिक छुट्टी घोषित किये जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस छुट्टी के पीछे की मंशा सार्वजनिक करनी चाहिए। अजीत पवार ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि हम भी 15 साल सत्ता में रहे थे। उस समय मध्य प्रदेश और गोवा में चुनाव हुए थे। हमने उस समय ऐसा सवैतनिक अवकाश कभी नहीं दिया। सीएम शिंदे का इस तरह से नया कदम उठाना गलत है। अजीत पवार ने कहा कि यदि कोई अधिकारी छह महीने की सवैतनिक छुट्टी लेता है और शेष छह महीने काम करता है, तो यह पैसे का दुरुपयोग है। अजीत पवार ने कहा कि इस तरह के कई अधिकारियों की शिकायतें उन तक आई हैं, जो छह माह काम कर रहे हैं और छह महीने सवैतनिक अवकाश ले रहे हैं। अजित पवार ने कहा कि किसानों को अब तक नुकसान भरपाई की रकम नहीं दी जा सकी है और जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### विपक्षी दल के नेताओं को परेशान कर रही केंद्र सरकारः टीआरएस

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पशु संवर्धन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाया है। राज्यमंत्री मल्ला रेड्डी के आवास पर आयकर विभाग के छापे का जिक्र करते हुए यादव ने कहा कि इस कार्रवाई की वे कड़ी निंदा करते हैं। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के मुख्यालय से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंत्री तलसानी और गृहमंत्री महमूद अली ने पार्टी मुख्यालय तेलंगाना भवन में विधायकों और निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद तलसानी ने कहा कि पिछले कुछ समय से जो भी हो रहा है उसे जनता देख रही है। टीआरएस नेता इस प्रकार की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं।

### अमेरिका के वॉलमार्ट स्टोर में 10 लोगों की हत्या

**रिचमंड (वर्जीनिया)।** अमेरिका के वर्जीनिया प्रांत के चेसापीक में देरशाम हुई अंधाधुंध गोलीबारी में 10 लोगों की जान चली गई। दिल दहला देने वाली यह वारदात वॉलमार्ट स्टोर में हुई। बंदूक से लैस व्यक्ति ने स्टोर में खूनखराबा कर लाशें बिछा दी। पुलिस ने निर्दोष लोगों की जान वाले इस व्यक्ति को मार गिराया है। वॉलमार्ट और चेसापीक पुलिस ने कहा है कि मृतकों और घायलों की संख्या अभी भी स्पष्ट नहीं है। यह आंकड़ा बढ़ सकता है। फिलहाल मारे गए हत्यारे की पहचान नहीं हो सकी है। इससे पहले रविवार रात कोलोराडो के नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 18 लोग घायल हुए थे।

### केजरीवाल का मॉडल है- जेल में फाइव स्टार सुविधाएं : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कानून व्यवस्था के मुद्दे राजस्थान की कांग्रेस सरकार और आम आदमी पार्टी (आप) पर पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता दुखी हो रही है कि क्या सोचकर उन्होंने कांग्रेस को वोट दिया। ठाकुर ने दावा किया कि गुजरात और हिमाचल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने आप पर हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल मॉडल है, जेल में भी फाइव स्टार सुविधाएं। भ्रष्टाचार कर जेल जाओ, केजरीवाल से ईमानदारी का सर्टिफिकेट पाओ।

# कांग्रेस मॉडल ने गुजरात और देश को तबाह किया : नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में बिजली, पानी, शिक्षा, उद्योग क्षेत्र में हुई प्रगति का दिया हिसाब

**मेहसाणा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मेहसाणा में आयोजित विजय संकल्प सम्मेलन में कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने पिछले 20 साल में भाजपा शासन में की गई प्रगति और विकास का हिसाब जनता को दिया। उन्होंने कांग्रेस मॉडल की चर्चा कर बताया कि कांग्रेस के शासन के दौरान भाई-भतीजावाद, वंशवाद, अरबों-खरबों का भ्रष्टाचार, जातिवाद, सम्प्रदायवाद, वोट बैंक पॉलिटिक्स, सत्ता में टिके रहने के लिए लोगों को लड़ाने की राजनीति का बोलबाला था। कांग्रेस ने लोगों को पिछड़ा रखा, जिससे गरीबों को हमेशा के लिए हाथ पसारना पड़े। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इस मॉडल ने गुजरात और देश को तबाह किया, जिसके कारण देश को फिर से बनाने में बहुत संघर्ष करना पड़ा।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में युवाओं को खास आकर्षित करने की कोशिश की। उन्होंने युवाओं से कहा कि उन्हें 20 साल पहले के गुजरात के हालात के बारे में पता नहीं है। 20 वर्ष में पूरी पीढ़ी नई आ चुकी है। आज के युवा विकास से हुए बदलाव का प्रभाव देख रहे हैं, इन्होंने अभाव नहीं देखा। प्राकृतिक प्रकोपों और परेशानियों के बीच गुजरात को आगे बढ़ाया गया है। इनके लिए दिन-रात कठिन मजदूरी की है।

**कन्या भ्रूण हत्या रोकने पर दी बधाई**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उंझा उमियाधाम में उन्होंने वहां के अग्रणियों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर साफ शब्दों में समझाया था। इसका असर हुआ। इससे यह सामाजिक बुराई रुकी और कन्या-बालक अनुपात में सुधार आया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके बाद कन्या सशक्तिकरण और पोषण पर बल दिया, जिससे बदलाव आया। युवाओं के भविष्य की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि 20 साल में शिक्षा में काफी सुधार हुआ और सैनिक स्कूल भी इस क्षेत्र में बनाने की पहल की गई है।

**मेहसाणा में विश्व का बाजार कब्जा करने की ताकत**



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेहसाणा समेत पूरे उत्तर गुजरात में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने का कारोबार तेजी से फैला है। इससे लगता है कि यह क्षेत्र इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की दिशा में विश्व बाजार को कब्जा करने में समर्थ बनेगा। यहां बनने वाली गाड़ी जापान में बेची जा रही है। पुरातात्विक महत्व के स्थल समेत धार्मिक पर्यटन बढ़ाने पर सरकार ने ध्यान केन्द्रित किया, जिससे बदलाव आया। अंग्रेजी के समय का काम मेहसाणा, आबूरोड तरंगाहिल अंबाजी रेल लाइन काम अब जाकर शुरू कराया गया।

**पानी बिजली की समस्या से छुटकारा**

मेहसाणा का जिक्र कर मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में 20 साल पहले पानी और बिजली की गंभीर समस्या थी। चुनाव के समय बिजली पानी की चर्चा होती थी। मेहसाणा में बिजली मांगने पर कांग्रेस ने गोलियां बरसाई थी। बिजली कनेक्शन देने में भ्रष्टाचार होता था। लेकिन, भाजपा ने पिछले 20 साल में छोटी-छोटी चीजों, समस्याओं पर ध्यान देकर पूरी स्थिति बदल दी। पहले एक दिन पानी आता था तो दिवाली जैसा लगता था। सरकार ने लोगों को इस समस्या से निजात दिलाई। सुजलाम सुफलाम योजना लागू होने के बाद समस्या जड़-मूल से उखाड़ कर फेंक दी गई। मोदी ने बताया कि बिजली समस्या निवारण के लिए राज्य में 80 हजार किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन बिछाई, 20 लाख नए पोल लगाए गए। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले राज्य में 55 लाख बिजली कनेक्शन थे, आज 2 करोड़ हैं, वहीं खेतों में बिजली कनेक्शन 5 लाख से बढ़कर 20 लाख हो गए हैं। 55 मेगावाट उत्पादन होता था कोयला से। आज 70 हजार मेगावाट कोयला से उत्पादन होता है। अंधकार युग से प्रकाश युग में लाने के लिए यह बड़ा काम किया।

**गुजरात सोलर रूफटॉफ में देश में नंबर वन बना**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश का पहला सूर्यग्राम मोढेरा के बनने से पूरी दुनिया में मोढेरा और मेहसाणा जिला चमक उठा है। यूएन के सेक्रेटरी जनरल ने सूर्यग्राम यहां आकर देखा और इसका सार्वजनिक तौर पर बखान किया। कांग्रेस शासन से तुलना करते हुए मोदी ने कहा कि 20 साल पहले सूर्य की शक्ति से जीरो उत्पादन था। आज 8000 मेगावाट सौर ऊर्जा पैदा हो रही है। इसी तरह पवन ऊर्जा जीरो से बढ़कर 10 हजार मेगावाट, पनबिजली 500 मेगावाट से बढ़कर 800 मेगावाट, गैस ऊर्जा 2000 से बढ़कर 4000 मेगावाट, कोयला से 55 मेगावाट से बढ़कर 17 हजार मेगावाट उत्पादन हो रहा है। उन्होंने बताया कि रूफटॉप सौर ऊर्जा उत्पादन में गुजरात देश में नंबर वन बना है।

**पशु वोट नहीं देते, उनकी भी आंख-दांत तक की चिंता**

मोदी ने कहा कि बिजली, पानी की सुविधा के कारण मेहसाणा समेत समस्त उत्तर गुजरात में कृषि, पशुपालन और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ।

## महाराष्ट्र के नासिक और पालघर में भूकंप के झटके

**मुंबई।** महाराष्ट्र के दो जिलों नासिक और पालघर में बुधवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार नासिक में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 रिक्टर और पालघर में 3.4 दर्ज की गई। दोनों जिलों से किसी भी तरह की क्षति की सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, नासिक के पश्चिम में 89 किलोमीटर की दूरी पर आज सुबह करीब 4.04 बजे रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई 5 किलोमीटर भूमिगत थी। पालघर के दहानु तलासरी तहसील में तडके 3.04 बजे भूकंप के झटके महसूस किए। पालघर में 2018 के बाद से कई बार भूकंप आ चुका है।

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सपरिवार शिर्डी में साईबाबा का किया दर्शन

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सपरिवार अहमदनगर जिले में स्थित शिर्डी में जाकर साईबाबा का दर्शन किया। सीएम शिंदे ने कहा कि बाबा का बुलावा आया था, इसी वजह से वे आज सपरिवार यहां आये और दर्शन किये। सीएम ने कहा कि उन्होंने राज्य की जनता की खुशहाली की मन्नत साईबाबा से मांगी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सुबह ही अपना शासकीय कामकाज स्थगित कर दिया था। आज कैबिनेट की बैठक थी और



कैबिनेट उपसमिति की बैठक में उन्हें शामिल होना था, लेकिन मुख्यमंत्री सपरिवार अचानक शिर्डी गए और साईबाबा के दर्शन किये। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के युवा नेता आदित्य ठाकरे ने बताया कि महाराष्ट्र का पूरा कैबिनेट आज गुजरात में प्रचार कर रहा है। इन सभी को महाराष्ट्र की जनता की फिक्र नहीं है। कैबिनेट की एक घंटे की ही बैठक रहती है और उसमें राज्य के हित के निर्णय लिए जाते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता राज्य की जनता के साथ नहीं है।

## महाराष्ट्र का एक भी गांव कर्नाटक में नहीं जाने देंगेः देवेंद्र फडणवीस

**सीमा विवाद को लेकर राजनीति गरमाई**

**मुंबई।** राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को दावा किया कि महाराष्ट्र का एक भी गांव कर्नाटक राज्य में जाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा विवाद सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कर्नाटक में चले गए मराठी भाषी गांव हम किसी भी तरह महाराष्ट्र में लाएंगे। इसके लिए वकीलों की फौज तैयार की जाएगी और राज्य सरकार भी इसके लिए हर तरह की तैयारी कर रही है।

हालांकि उपमुख्यमंत्री के इस वक्तव्य के बाद सीमा विवाद पर राजनीति गरमा गई है।



बालासाहेब की शिवसेना के मंत्री शंभुराजे देसाई ने पत्रकारों को बताया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री वसवराज बोम्मई का बयान हास्यास्पद है। दशकों पहले पारित प्रस्ताव के आधार पर वे इस तरह की बात कर रहे हैं, जबकि सांगली जिले में पानी की आपूर्ति कर्नाटक सरकार ने उस समय महाराष्ट्र के पानी से की थी। देसाई ने बताया कि महाराष्ट्र का ही पानी कर्नाटक में जाता है, जिसे डैम में संचित किया जाता है। सांगली के जत तहसील में पानी कम पड़ने पर उस समय हमारा ही पानी दिया था। देसाई ने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे सीमा विवाद में 40 दिनों तक कर्नाटक की जेल में थे, इसलिए सीएम खुद इस मुद्दे पर गंभीर हैं। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अरविंद सामंत ने कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है और राज्य सरकार ने इस मामले में जिस वकील को नियुक्त किया है, वह लंदन में है। उन्होंने राज्य सरकार पर इस मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर महाराष्ट्र के सांगली जिले को भी कर्नाटक में सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है।

## भारत में फैलाई जा रही नफरत, हिंसा और भय के खिलाफ 'भारत जोड़ो यात्रा' : राहुल गांधी

**महाराष्ट्र में भारी सफलता के बाद मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा का शानदार स्वागत किया गया**






**मुंबई :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा की बेहतर नियोजन के लिए अ+ अंक दिया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को महाराष्ट्र की जनता से भरपूर समर्थन मिला है। 14 दिनों की इस यात्रा के दौरान मुझे महाराष्ट्र में बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। राहुल गांधी ने यह बात बुधवार को महाराष्ट्र में अपनी यात्रा के समापन के मौके पर कही। उन्होने कहा कि अब वे मध्य प्रदेश में 370 किमी की पैदल यात्रा करेंगे और उसके बाद आगे भी अपनी यात्रा को जारी रखते हुए श्रीनगर में तिरंगा फहराएंगे। राहुल ने कहा कि अब उनकी इस यात्रा को कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश में फैली नफरत, हिंसा और भय के खिलाफ है।भारत जोड़ो यात्रा ने बुधवार को महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश में प्रवेश किया। इस समय बोरडेली, जिला. बुरहानपुर में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ को महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने तिरंगा सौंपा। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।इस मौके पर जनता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों में डर पैदा कर रही है। किसानों को कृषि उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है। वहीं फसल बीमा मुआवजा नहीं देने को लेकर किसानों को डराया-धमकाया जा रहा है। मजदूरों को मनरेगा का काम नहीं देकर डर पैदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों, श्रमिकों और महिलाओं के मन से यह डर दूर किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि यह पदयात्रा लोगों को इसी खौफ से आजादी दिलाने के लिए की जा रही है।

शिक्षा और बेरोजगारी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये पांच साल का रुद्र डॉक्टर बनना चाहता है। इसके लिए उसने सपना देखा है। डॉक्टर बनने के सपने को पूरा करने के लिए रूद्र मेहनत करेगा, लेकिन आज के दौर में भारत में रुद्र का सपना सच नहीं होगा क्योंकि मैंने रुद्र जैसे न जाने कितने बच्चों का दर्द सुना है।शिक्षण संस्थान निजी हो गए हैं। पढ़ाई पर लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं लेकिन इतना सब करने के बाद भी युवा डॉक्टर नहीं बन पाता है। जीवन यापन के लिए उसे कुछ और करना पड़ता है। सारी मशीनरी चार-पांच उद्योगपतियों के हाथ में है। इस अन्याय को हम सब लोगों को मिल कर रोकना होगा।

**महंगाई को लेकर सरकार पर कसा तंज**

राहुल ने कहा कि जब यूपीए की सरकार थी, तब गैस सिलेंडर 400 रुपए का था, आज 1200 रुपए है। पेट्रोल 60 रुपये लीटर था,

जो अब 107 रुपये प्रति लीटर हो गया है। उन्होंने कहा कि यह सारा पैसा किसकी जेब में जा रहा है। राहुल ने तंज कसते हुए कहा हम 'मन की बात' नहीं करते, बल्कि हम लोगों की 'मन की बात' सुनते हैं।

**प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने भारत जोड़ो यात्रा को बताया सफलता**

मौके पर मौजूद महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा 6 राज्यों को पूरा कर चुकी है और अब मध्य प्रदेश में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि महाराष्ट्र की तरह मध्य प्रदेश में भी यह यात्रा बेहद सफल रहेगी। पटोले ने कहा कि मध्य प्रदेश में भी इस यात्रा में शामिल लोगों को आम जनता का भरपूर प्यार और समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में यात्रा को भरपूर जनसमर्थन मिला। यात्रा में विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। राहुल गांधी ने बेहतरीन योजना के लिए महाराष्ट्र की तारीफ की है।

**नेता बालासाहेब थोरात ने की राहुल गांधी की प्रशंसा**

कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने कहा कि इस यात्रा की कन्याकुमारी से शुरूआत होने के बाद से हर राज्य में लोगों से इसे जबरदस्त प्रतिसाद मिला रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का मध्य प्रदेश में अच्छा स्वागत हुआ है। थोरात ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत में विविधता के माध्यम से एकता का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले महात्मा गांधी ने जो किया था वह आज राहुल गांधी कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि जब भारत जोड़ो यात्रा श्रीनगर पहुंचेगी तो पूरा देश एकजुट होगा।

## हिंद-प्रशांत दुनिया की सुरक्षा और समृद्धि के लिए पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण : राजनाथ

- आतंकवादी समूहों ने समर्थकों की भर्ती के लिए नए युग की तकनीकों का सहारा लिया
- आतंकवाद पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल और दृढ़ हस्तक्षेप करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** आसियान के केंद्र में शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत दुनिया की सुरक्षा और समृद्धि के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। आसियान के 10 देशों और 8 प्रमुख प्लस देशों की भागीदारी के साथ एडीएमएम प्लस खुद को न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए, बल्कि विश्व शांति के लिए एक चालक के रूप में स्थापित कर सकता है, क्योंकि हम सब मिलकर दुनिया की आधी आबादी का हिस्सा हैं। हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया विघटनकारी राजनीति से बढ़ते संघर्ष को देख रही है।

यह बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिएम रीप, कंबोडिया में 9वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा खतरा अंतरराष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद से है। उदासीनता अब प्रतिक्रिया नहीं हो सकती, क्योंकि आतंकवाद ने विश्व स्तर पर पीड़ित पैदा किये हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल और दृढ़ हस्तक्षेप करने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवादी समूहों ने धन हस्तांतरण और समर्थकों की भर्ती के लिए नए युग की तकनीकों का सहारा लिया है और समर्थित महाद्वीपों में अंतसंबंध बनाए हैं। साइबर अपराध भी नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग की ओर इशारा करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी



समिति ने 28-29 अक्टूबर को नई दिल्ली में बैठक की और इन घटनाक्रमों पर गंभीरता से ध्यान दिया है। समिति ने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के लिए 'दिल्ली घोषणा' को अपनाया। आतंकवाद बड़ा खतरा बने रहने के कारण कोरोना महामारी के बाद उभरने वाली अन्य सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चल रहे भू-राजनीतिक विकास ने ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों की ओर दुनिया का ध्यान खींचा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में भारत ने बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता और खाद्यान्न देने में अपने सहयोगियों के साथ काम किया है।

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भारत सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के आधार पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी व्यवस्था का आह्वान करता है। भारत बातचीत के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण समाधान और अंतरराष्ट्रीय नियमों और कानूनों का पालन करने में विश्वास रखता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हम उन जटिल कार्रवाइयों और घटनाओं के बारे में चिंतित हैं, जिन्होंने भरोसे को खत्म कर-के क्षेत्र में शांति और स्थिरता को कमजोर कर दिया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत समुद्री विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने के लिए तैयार है।

# क्या मंदी के आसन्न दौर का असर भारत पर नहीं होगा

हमारे देश में भी मुद्रास्फीति की समस्या है, पर वह अनेक विकसित और विकासशील देशों से बहुत कम है। कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थितियों का सामना भी हमने सफलतापूर्वक किया है। लेकिन आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के तार इस हद तक परस्पर जुड़े हुए हैं कि अंतरराष्ट्रीय बाजार की हलचलों के असर से भारत भी पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा आपूर्ति शृंखला में अवरोध के कारण दुनिया के अनेक हिस्से में ऊर्जा और खाद्य संकट की स्थिति पैदा होने की आशंका जतायी जा रही है। इसका सबसे अधिक आर्थिक और वित्तीय प्रभाव विकसित अर्थव्यवस्थाओं पर दिख रहा है। ऐसे में कई विशेषज्ञ, उद्योग एवं वित्त जगत से संबद्ध लोग तथा कारोबारी आशंका जता रहे हैं कि वर्तमान संकट आर्थिक मंदी में बदल सकता है।भारतीय रिजर्व बैंक तथा केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से लगातार यह भरोसा दिया जाता रहा है कि मंदी के आसन्न दौर का असर भारत पर नहीं होगा। कई जानकार यह भी मान रहे हैं कि अगर प्रभाव पड़ता भी है, तो वह मामूली ही होगा। आयात बढ़ने और निर्यात घटने से व्यापार घाटा में वृद्धि भी चिंता की बात है। वैश्विक मंदी की स्थिति में भारत वस्तुओं के दाम में कमी का फायदा उठा सकता है। चूंकि निर्यात पर हमारी अर्थव्यवस्था बहुत अधिक निर्भर नहीं है, तो वह विदेशी पूंजी को आकर्षित कर सकती है। इसका ठोस आधार आत्मनिर्भर भारत अभियान ने बना दिया है। भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में प्रमुखता से स्थापित करने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान भी धीरे धीरे साकार हो रहा है। इन आधारों पर हम किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं।अधिक से अधिक यह हो सकता है कि आर्थिक वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में कुछ कम हो जाए। फिर भी फरवरी में प्रस्तुत होने वाले केंद्रीय बजट की तैयारियों में मंदी की आहटों का संज्ञान लिया जायेगा, ऐसी आशा है।मुद्रास्फीति से निपटने के लिए अमेरिका समेत अनेक विकसित देशों में भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गयी है।

> **भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में प्रमुखता से स्थापित करने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान भी धीरे धीरे साकार हो रहा है। इन आधारों पर हम किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं।अधिक से अधिक यह हो सकता है कि आर्थिक वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में कुछ कम हो जाए।**

## वैदिक विचार

–स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### राज्याधिकारी

*उपहूताः पितरः सोम्यासो बर्हिष्येषु निधिषु प्रियेषु।*
*त आ गमन्तु त इह श्रुवन्त्वधि ब्रुवन्तु ते अवन्त्वस्मान्।* ऋ 10.15.5

मंत्र में प्रयुक्त पितरः शब्द पितृ का बहुवचन है। पा धातु से सिद्ध होने से पितृ का अर्थ है रक्षा करनेवाला। इस व्युत्पत्ति के आधार पर, जो भी रक्षा करे वह पिता है। पिता के निम्नतः अनेक अर्थ होते हैं : 1. संतान की रक्षा करनेवाले होने से माता-पिता को पिता कहते हैं। 2. शिष्यों के रक्षक होने से गुरु वा आचार्य को पिता कहते हैं। 3. अंधकार से विश्व की रक्षा करने के कारण सूर्य तथा सूर्य की किरणें पिता हैं। 4. ओषधियों की रक्षा करने से ऋतुएं पिता हैं। 5. काल की रक्षा करने से कालावयवों (क्षण, निमेष, दिन, रात्रि, सप्ताह, मास, वर्ष) की पिता संज्ञा है। 6. शरीर का रक्षक होने से आत्मा पिता है। 7. राष्ट्र के रक्षक होने से क्षत्रिय वा सैनित पिता हैं। 8. जीवन के रक्षक होने से प्राण पिता हैं। 9. राज्य तथा समाज की व्यवस्था के रक्षक होने से राज्याधिकारी (राजा, मंत्री, सचिव, पुलिसाध्यक्ष, न्यायाधीश, राजकर्मचारी, आदि) पिता हैं। 10. रोगों से रक्षा करने से ओषधियां पिता हैं। इस प्रकार, रक्षा भाव से पिता शब्द के अनेक अर्थ होते हैं। इस मंत्र में पठित पिता शब्द राज्याधिकारियों के लिए प्रयुक्त हुआ है। पिता कैसे हों? पितरः सोम्यासः, पिता सोम्य हों। जिन पिताओं में सोम के गुण हों उन्हें सोम्यासः पितरः कहते हैं।

## आज का विचार

–डॉ. विनोद दीक्षित

### चित्त की समता

जब चित्त में समता आ जाती है तो साधक इस संसार को ईश्वरमय देखता है। वैसे शास्त्रों में चित्त की समता के कई प्रकार बताए हैं पर मुख्य रूप से समता को चार भागों में विभाजित किया जा सकता है। एक समता होती है ज्ञानी व्यक्ति की, ज्ञानी की समता से अभिप्राय है वह विद्या संपन्न ब्राह्मण, गाय,श्वान, चांडाल तक में समान रूप से आत्मा के दर्शन करता है, दूसरी समता ज्ञानी के साथ संत भी है , एक समता होती है प्रबल साधक की ,एक समता होती है धर्म निष्ट की ,धर्म निष्ठ को समता उसकी निष्पक्षता है, ज्ञानी और संत की समता में संत कोमल ह्रदय होता है इसलिए सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया की समता होती है, प्रबल साधक की समता निरत भाव में है। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

## पत्र मिला

### कतर ने खेल संस्कृति को बदनाम किया

कतर में फुटबॉल के 'महाकुंभ' फीफा विश्वकप 2022 का आयोजन प्रारंभ हो चुका है। अल खोर शहर के 60 हजार क्षमता वाले भव्य अल वायत स्टेडियम में दुनियाभर से फुटबाल प्रेमी पहुंचे हैं, जिनमें भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अरब देश में आयोजित यह पहला विश्वकप आयोजन है, जो भव्यतम खेल आयोजनों की दृष्टि से नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस आयोजन की अनेकानेक विलक्षण, आश्चर्यकारी घटनाओं एवं व्यवस्थाओं के बीच विवादित धर्मगुरु जाकिर नाइक को आमंत्रित कर खेल परम्पराओं पर साम्प्रदायिक विषता का रंग देने की कुचेष्टा हुई है, निश्चित ही इससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं, विवाद का वातावरण बना है, खेल की सौहार्द एवं सद्भावनामूलक भावनाओं को आहत किया गया है। क्योंकि जाकिर खेल देखने नहीं, बल्कि बाकायदा एक षड्यंत्र एवं सोची समझी नीति के तहत फीफा विश्व कप के दौरान धार्मिक व्याख्यान देने के लिए कतर में पहुंचा है। जाकिर पर धार्मिक समुदायों के बीच नफरत, द्वेष, घृणा फैलान के आरोप हैं।

**रहमान दारूवाला,नई दिल्ली**


समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।


# समता का समाज ही देश की छवि का मानक

**पिछले दो आम चुनावों में अपनी शानदार जीत दर्ज करा कर प्रधानमंत्री अपनी ताकत अच्छी तरह जता चुके हैं। सच तो यह है कि चुनावी जीत के जो मानक प्रधानमंत्री मोदी ने स्थापित किये हैं वे किसी भी व्यक्ति को उसकी औकात का भ्रम करवा सकते हैं। और एक सच्चाई यह भी है कि देश के मतदाता से संपर्क साधने की प्रधानमंत्री की कला और क्षमता भी इस दौरान लगातार सिद्ध होती रही है।**



**विश्वनाथ सचदेव**

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

एक सौ तीस करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश के 'लोकप्रिय' प्रधानमंत्री की 'हैसियत' नापना असंभव की हद तक मुश्किल होना चाहिए। इसलिए, जब कोई यह कहता है कि गुजरात के मतदाता इस बार प्रधानमंत्री मोदी को उनकी औकात दिखा देंगे तो कहने वाले का मज़ाक उड़ाया जाना स्वाभाविक है। पिछले दो आम चुनावों में अपनी शानदार जीत दर्ज करा कर प्रधानमंत्री अपनी ताकत अच्छी तरह जता चुके हैं। सच तो यह है कि चुनावी जीत के जो मानक प्रधानमंत्री मोदी ने स्थापित किये हैं वे किसी भी व्यक्ति को उसकी औकात का भ्रम करवा सकते हैं। और एक सच्चाई यह भी है कि देश के मतदाता से संपर्क साधने की प्रधानमंत्री की कला और क्षमता भी इस दौरान लगातार सिद्ध होती रही है। ऐसे में जब प्रधानमंत्री किसी चुनावी सभा में यह कहते हैं कि 'मेरी क्या औकात है' तो इसे उनकी विनम्रता ही माना जाना चाहिए।

हाल ही में एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने ऐसी ही विनम्रता दिखाने का प्रयास करते हुए कहा था कि वे तो जनता के सेवक मात्र हैं। एक गरीब परिवार में पैदा हुए व्यक्ति की भला क्या औकात हो सकती है। पर उनके ऐसा कहने का यह तात्पर्य भी नहीं लिया जाना चाहिए कि हमारा प्रधानमंत्री किसी दृष्टि से इतना कमज़ोर है कि वह मतदाता की कृपा मांग रहा है। जो ऐसा मानते हैं उन्हें कुछ ही दिन पहले बाली में बसे भारतीयों के बीच दिये गये उनके भाषण को याद कर लेना चाहिए। इस भाषण में उन्होंने श्रोताओं से पूछा था कि 1914 से लेकर 2022 तक के भारत में उन्हें क्या परिवर्तन दिख रहा है?

फिर उन्होंने स्वयं ही इसका उत्तर देते हुए इस परिवर्तन को 'भव्यता' से परिभाषित भी किया था। उन्होंने कहा था, 'आज हम भारत में जो कुछ भी कर रहे हैं, भव्य तरीके से कर रहे हैं- हमने दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति बनायी है। दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम हमारे भारत में बना है, दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान भारत में चला था। अस्सी करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज देने की बात भी इसी क्रम में कही गयी थी। निश्चित रूप से ये उपलब्धियां हैं और यह सब करने वाले की औकात का भी एक उदाहरण है, लेकिन इस उदाहरण की चकाचौंध से इतना भ्रमित हो जाना भी ठीक नहीं है कि अन्य वास्तविकताओं को देखकर भी अनदेखा किया जाता रहे।

क्या हैं ये अन्य वास्तविकताएं? वास्तविकता यह भी है कि बाली में जिन अनिवासी भारतीयों के समक्ष प्रधानमंत्री भव्यता के उदाहरण प्रस्तुत कर रहे थे, वे उन 23 हज़ार भारतीय करोड़पतियों का हिस्सा थे जो पिछले आठ वर्ष में भारत छोड़कर विदेशों में जा बसे थे। इस बात को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि 2014 में अमेरिका में बसे अनिवासी भारतीयों की अपनी पहली सभा में प्रधानमंत्री ने दावा किया था कि वे ऐसा भारत बनायेंगे जहां से किसी को विदेश में जाकर बसने की आवश्यकता या विवशता नहीं होगी। फिर क्यों भारतीयों के विदेशों में जाकर पढ़ने, विदेशों में जाकर बसने के उदाहरण कम होने का नाम ही नहीं ले रहे? वैश्विक गांव की परिकल्पना वाले समय में किसी का विदेश जाकर बसना ग़लत नहीं समझा जाना चाहिए, पर विदेश की चकाचौंध वाली बात अलग है।

वास्तविकता यह भी है कि आज भले ही अधिकांश भारतीयों के पास बैंक खाता हो या अधिकांश भारतीयों तक बिजली पहुंच गयी हो, पर हकीकत यह भी है कि आज देश की राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत दस प्रतिशत हाथों में है। यह सही है कि हमारा भारत भले ही आज दुनिया की सर्वाधिक तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था वाले देशों में से एक हो, पर हमारी गणना दुनिया के सर्वाधिक असमानता वाले देशों में भी की जाती है। पिछले एक दशक में हमारे अरबपतियों की संख्या दस गुना बढ़ गयी है। देश में बड़े-बड़े अस्पताल तो बनाने की घोषणाएं हो रही हैं, पर सारे दावों के बावजूद मेडिकल सुविधा आम भारतीय तक नहीं पहुंच पा रही। एक सर्वेक्षण के अनुसार आज भी डाक्टरी सुविधाओं के लिए होने वाले खर्च के कारण छह करोड़ से अधिक भारतीय प्रतिवर्ष गरीबी के पाले में धकेले जा रहे हैं।



आंकड़े बहुत कुछ बोलते हैं, पर बहुत कुछ बता भी नहीं पाते। सामाजिक असमानता वाला क्षेत्र ऐसे ही आंकड़ों वाला है। हमारा समाज आज भी जिस तरह से बंटा हुआ है, उसे आंकड़ों से नहीं समझा जा सकता। उसे समझने के लिए यह जानना ज़रूरी है कि इक्कीसवीं सदी के भारत में किसी दलित की घोड़े पर बैठ कर बारात निकलना एक समाचार है! यह भी समाचार है कि देश में ऐसे भी स्कूल हैं जहां विद्यार्थी तो हैं, पर नियमित अध्यापक नहीं हैं; प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तो हैं, पर कई ऐसे भी हैं, जिनके ताले महीनों तक नहीं खुलते! यह भी हमारे ही देश की कहानी है कि स्कूल में बच्चों को नमक के साथ चावल खिलाने का समाचार देने वाला पत्रकार देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया जाता है।

जब भी शीर्ष नेतृत्व की हैसियत नापी जाये तो उसका आधार यह सारी स्थितियां होनी चाहिए। सबसे ऊंची मूर्ति, सबसे शानदार मंदिर, सबसे भव्य मॉल, इन सबका भी महत्व है, अच्छा लगता है यह जानना कि दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम हमारे देश में है। लेकिन, देश की औकात भी इस बात से नापी जायेगी कि सामाजिक-आर्थिक असमानता की खाइयां कितनी कम हुई हैं, उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में जाकर पढ़ने की विवशता का पहाड़ कितना छोटा हुआ है, एनआरआई बनने की लालसा में कितनी कमी आयी है। हमने अस्सी करोड़ लोगों को साल भर से अधिक तक मुफ्त खाद्यान्न दिया, यह संतोष की बात है, पर प्रधानमंत्री की हैसियत इस बात से नापी जानी चाहिए कि वह उन स्थितियों को बदलने में कितना सफल हो पाये हैं, जिनमें देश की लगभग आधी आबादी को भूख मिटाने के लिए सरकारी मदद की आवश्यकता पड़ रही है। यह स्थिति किसी ऐसे देश के लिए असहज करने की बात होनी चाहिए जो विश्वगुरु बनने के दावे कर रहा है अथवा दुनिया की तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने देख रहा है।

स्वर्गीय राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने कहा था, सपना वही नहीं होता जो नींद में आता है, सपना वह है जो आपको सोने नहीं देता। ऐसे सपनों को पूरा करने में सफलता ही किसी की हैसियत नापने का पैमाना हो सकता है। राजा या सेवक कोई भी हो, उसे अपनी हैसियत सिद्ध करनी होती है। तभी कोई देश बनता है, तभी कोई समाज समृद्ध होता है।

## किसने क्या कहा...



कांग्रेस मॉडल का मतलब है जातिवाद, वोटबैंक की राजनीति : मोदी

समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका है : एडमिरल आरहरि कुमार



राजस्थान में सफल रहेगी भारत जोड़ो यात्रा : सचिन पायलट





सपा को प्रधान पद का चुनाव जीतने के भी लाले पड़ जाएंगे : भूपेंद्र सिंह चौधरी

## कार्टून...




# संकट में जिम्मेदारी समझें विकसित देश

**जलवायु**

**ज्ञानेंद्र रावत**

मिस्त्र के शर्म अल-शेख में चला संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, कॉप-27 कार्बन उत्सर्जन बढ़ने की रफ्तार को समूची दुनिया के लिए बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस घोषणा के साथ समाप्त हो गया कि अब जीवाश्म ईंधन से वैश्वीकरण कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन पूर्व की तुलना में एक फीसदी बढ़ने का अनुमान है जो 37.5 अरब टन के एक नये रिकार्ड को तोड़ रहा है। यह खतरे की घंटी है। सबसे बड़ी बात इस बढ़ोतरी को रोकना ही एकमात्र विकल्प है। वर्ष 2015 के पेरिस जलवायु परिवर्तन सम्मेलन ने पृथ्वी के लिए सबसे गंभीर विनाशकारी परिणामों या यूं कहें कि भयावह खतरे से बचने की ख़ातिर उत्सर्जन की एक सीमा का निर्धारण किया था। बीते दशक में कार्बन उत्सर्जन कम करने के ईमानदार प्रयास नहीं हुए। इस बाबत बरती गयी कोताही का दुष्परिणाम हमारे सामने भयावह खतरे के रूप में मौजूद है। कोरोना काल के उपरांत आर्थिक और औद्योगिक गतिविधियों के बीच पर्यावरण सुधार के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और ठोस निर्णय की अपेक्षा थी, लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद कुछ बिन्दुओं पर सहमति के अभाव के चलते कामयाबी बेमानी प्रतीत होती है।

निस्संदेह यदि कार्बन उत्सर्जन वृद्धि की यही रफ्तार रही तो आने वाले नौ वर्षों में औद्योगिक पूर्व तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान पहुंच जायेगा, जो समूची मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। इसका मूल कारण कोयले की खपत में बेतहाशा बढ़ोतरी है। यही नहीं, यह बढ़ोतरी तेल की खपत में भी हुई है। भारत भी इस मामले में पीछे नहीं है, जहां 2021 की तुलना में कोयले और तेल की खपत में अनुमानतः 6 फीसदी की वृद्धि हुई है। जबकि सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देश चीन में बीते एक साल में कार्बन उत्सर्जन की दर एक फीसदी घटी है। वहां कोयले की खपत में भी बढ़ोतरी नहीं हुई है।

समूची दुनिया अभी भी 80 फीसद ऊर्जा के लिए जीवाश्म ईंधन पर ही निर्भर है। ऐसी दशा में उत्सर्जन तो बढ़ेगा ही। उस दशा में जबकि अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा अभी भी शुरुआती चरण में ही है, जिन देशों की आबादी कम है वहां तो अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा सकता है। लेकिन जिन देशों की आबादी बहुत ज्यादा है, वहां अक्षय ऊर्जा का सपना अभी बहुत दूर की कौड़ी है। भारत में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के मामले में हम बहुत पीछे हैं। यूरोप ने अक्षय ऊर्जा के महत्व को समय रहते समझ लिया। साल 2000 के दशक के शुरुआती दौर में यूरोप में कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि की दर तीन फीसदी सालाना थी, लेकिन इस साल की एक फीसदी की अनुमानित बढ़ोतरी अपेक्षाकृत कम ही है। यह बढ़ोतरी उस दौरान हुई जबकि यूक्रेन युद्ध से उपजे ऊर्जा संकट से समूची दुनिया जूझ रही है। यही नहीं, कोविड-19 जैसी भीषण महामारी के उस भयावह दौर से उबरने का दुनिया भरसक प्रयास कर रही है।

यूएन महासचिव गुटेरेस का यह भरसक प्रयास रहा कि कॉप-27 जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में मौजूदा समस्याओं के स्तर के अनुरूप यथा यूक्रेन युद्ध के कारण उपजे ऊर्जा संकट और जलवायु समाधानों पर एकमुश्त सहमति बने ताकि इस संकट के समाधान की दिशा में कारगर प्रयास किये जा सकें। गौरतलब है कि कॉप-27 की बैठक में 193 देशों ने राष्ट्रीय कार्यवाही योजनाओं को अधिक महत्वपूर्ण बनाने, शून्य उत्सर्जन, वन संरक्षण और जलवायु वित्त पोषण सहित अनेक संकल्प लिए थे, लेकिन दुख की बात यह है कि अभी तक केवल 23 देशों ने ही यूएन को अपनी योजनाएं भेजी हैं। ऐसी स्थिति में धरातल पर पूर्ण, समावेशी, सामयिक व विस्तृत कार्यवाही की उम्मीद ही बेमानी है। साथ ही अनुकूलन वित्त पोषण के लिए विकसित देशों द्वारा निम्न आय वाले देशों के लिए हर वर्ष 100 अरब डॉलर की राशि मुहैया कराने का सवाल भी अनसुलझा रहा है। सबसे अहम सवाल तो यह है कि बड़े मुख्य उत्सर्जक देश खड़े हों और कहें कि हमें कुछ करना होगा, हमें इन निर्बल देशों के लिये अपना योगदान देना होगा, तभी कुछ बात बनेगी अन्यथा ऐसी कवायद तो बरसों से देख रहे हैं।

ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के इस आरोप में सत्यता है कि इन हालात में नतीजा कुछ नहीं मिलेगा और कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य का सपना सपना ही रहेगा। निस्संदेह, जलवायु से जुड़े मुद्दों पर कुछ भौतिक दृष्टिकोण को लेकर विचारों में भिन्नता के चलते प्रमुख मुद्दों पर प्रगति की जो आशा-आकांक्षा थी, वह धूमिल हुई है। लेकिन 150 से अधिक देश मीथेन उत्सर्जन को कम करने के सवाल पर सहमत हुए हैं, यह एक अच्छा लक्षण है। असलियत में इस सम्मेलन का असली जोर कोयले से बिजली उत्पादन बंद करने के उपाय पर ही ज्यादा रहा है।निष्कर्ष यह कि यह सम्मेलन 2021 के ग्लासगो सम्मेलन के प्रस्ताव पर ही मुहर लगाने के अलावा कुछ अलग कर पाने में नाकाम रहा है। हां, इतना जरूर हुआ कि जलवायु प्रभावों से होने वाले नुकसान की भरपाई के मुद्दे पर सदस्य देश एकमत दिखे। साथ ही क्षतिपूर्ति के लिए एक नये कोष हेतु नयी वित्तीय व्यवस्था बनाने के लिए 3 अफ्रीकी, 10 विकसित व 13 विकासशील देशों की एक नयी कमेटी बनाने पर सहमति बनी जो जलवायु कोष के संचालन व नियम-कानून का निर्माण करेगी। इससे आपदा प्रभावित लोगों की मदद का रास्ता खुला।

## उपदेश

चेतना और चिंतन जीवों के अस्तित्व के होने और उस अस्तित्व को स्वयं समझने का नाम है। मैं और आप या समस्त जीव जिनकी उत्पत्ति हुई और जो चर हैं, वे सब एक चेतना के कारण ही अस्तित्व में हैं। और यह चेतना हमें मिली है उस परमात्मा से जिसकी प्रकृति चेतन भी है और शून्य भी, जो स्वयं अपनी प्रकृति का रचयिता और विध्वंशकर्ता भी है। मगर पहले चेतना को समझें। चेतना जीवों की वो शक्ति जिससे जीव अस्तित्व में हैं, जिससे वह बोल, समझ, सुन और कोई कार्य कर सकता है। मैं जीव हूं!, मैं चर हूं!, मैं भावनायुक्त हूं! , मैं 'मैं' हूं! , मैं कुछ हूं!, मैं संसार को समझने वाला हूं, मैं द्रव्यों को जानने वाला हूं, मैं दूसरे सजीव और निर्जीवों में भेद को जान के उनसे भावनायुक्त बंधन बनानेवाला हूं, मैं करता हूं, मैं...चिंतन जीवों को प्राप्त चेतना के कारण ही संभव है। सबसे बड़ी बात ये है कि सोचते तो बहुत से चर जीव हैं, परन्तु बुद्धिबल द्वारा सही मार्ग में सोचना, अर्थात जिसे हम विवेक द्वारा सोचना कहते हैं, वही चिंतन होता है। चिंतन अध्यात्म और भौतिक जगत दोनों का हिस्सा हैं। दोनों ही जगत में प्रगति करने के लिए चिंतन आवश्यक है...आध्यात्मिक चेतना और चिंतन समझना इसलिए जरूरी है, क्योंकि इस भौतिकवाद में जन्मे सभी चेतन जीवों को चिंतन करना हो तो सिर्फ भौतिक द्रव्यों और संसाधनों और कुछ कदम तक दिखाई देने वाला भविष्य, के बारे में ही चिंतन करते हैं। यह चेतन आत्मा इस शरीर में है, परन्तु वो भौतिक वाद में खो गई है।

> ***मैं और आप या समस्त जीव जिनकी उत्पत्ति हुई और जो चर हैं, वे सब एक चेतना के कारण ही अस्तित्व में हैं। और यह चेतना हमें मिली है उस परमात्मा से जिसकी प्रकृति चेतन भी है और शून्य भी, जो स्वयं अपनी प्रकृति का रचयिता और विध्वंशकर्ता भी है। मगर पहले चेतना को समझें।***

## सुबहे तेज अबाज में डीजे बजाने में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमर ख़्याल , राहुल कुमार**

**रामपुर।** बुधवार को ग्राम भरतपुर थाना शाहबाद में कुछ लोग प्रातः 05:30 बजे तेज ध्वनि में डीजे बजा रहे थे। इस पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर तेज ध्वनि में डीजे बजा रहे तीन व्यक्तियों को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार भादवि व पर्यावरण सरक्षण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी सलमान अली पुत्र जफर शाह निवासी ग्राम भरतपुर थाना शाहबाद, रामपुर ।2-अतीक पुत्र सफी अहमद निवासी ग्राम भरतपुर थाना शाहबाद, रामपुर 3-प्रकाश पुत्र हेमराज निवासी ग्राम भरतपुर थाना शाहबाद, रामपुर

## क्रियाशील नहीं है क्षेत्र में लगे ड्रिंकिंग वाटर संयंत्र



**अमर ख्याल**

**बहराइच।** क्षेत्र में मानव तथा पशुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ब्लॉक नवाबगंज के गांव में एनजीओ की ओर से लगवाए गए मिनी वाटर ड्रिंकिंग प्लांट उद्देश्यों से हट गए हैं संचालित न होने के कारण लोग इसमें कंडा आदि रखने लगे हैं। ब्लॉक नवाबगंज में आगा खान फाउंडेशन की ओर से 15 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास संबंधी कार्य संचालन करने पर बजट आहरित किया जा रहा है जिसका कोई समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है देखा जाए तो पांच स्थानों पर पशु तथा मानव के अलग-अलग मिनी ड्रिंकिंग वाटर संयंत्र लगाए गए हैं विद्युत कनेक्शन न होने अथवा तकनीकी खराबी की वजह से कई ऐसे संयंत्र क्रियाशील नहीं है ।ग्राम पंचायत बिजली पुर के ग्रामीण चंदन, बरसाती, रामकरन आदि ने बताया कि गांव में लगा हुआ सन्यंत्र क्रियाशील नहीं है लोग इस पर जानवर बांधने तथा लकड़ी कंडा भरने जैसे कार्य को कर रहे हैं

## अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा यातायात जागरूकता गीत ₹ए भाई जरा देख के चलो को किया गया लांच



**अमर ख्याल**

**गोरखपुर ।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा ₹यातायात माह नवंबर 2022 ₹ के यातायात जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में यातायात जागरूकता के लिए एक नया प्रयोग किया गया, जिसमें मनीष पांडे और गजेंद्र त्रिपाठी के गोरखपुर टीम द्वारा यातायात पुलिस गोरखपुर के साथ मिलकर यातायात जागरूकता के लिए बनाये गये गीत जिसका टाइटल है *₹ए भाई जरा देख के चलो₹* को लांच किया और बताया कि यातायात नियमों का पालन करना बहुत ही आवश्यक है और यह आपके और जनता के स्वयं की सुरक्षा से संबंधित है और यदि आप सड़क पर सुरक्षित चलेंगे और हेलमेट लगाएंगे, सीट बेल्ट लगाएंगे तो आप सुरक्षित रहेंगे और सड़क पर चलते समय यातायात नियमों के पालन से ही आप सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी रखेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक यातायात गोरखपुर, पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर, संभागीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अनीता सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन/ सहायक पुलिस अधीक्षक मानुष पारिख आदि उपस्थित रहें

## गैंगेस्टर एक्ट में नामित आरोपी गिरफ्तार



**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** बुधवार को थाना केमरी, रामपुर पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में नामित तसलीम पुत्र रहीस उर्फ रईस निवासी तकिया के पीछे बिडपुरा कालौनी कस्बा व थाना केमरी, रामपुर को रेलवे कालौनी कस्बा केमरी से एक अद्द नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी

## आत्महत्या उकसाने में एक गिरफ्तार



**अमर ख़्याल , राहुल कुमार**

**रामपुर।**आसिफ पुत्र इरशाद अंसारी 2 तिलक पुत्र सोमपाल 3 नितिन पुत्र मनोहर नि0गण ग्राम आंगा थाना अजीमनगर, रामपुर द्वारा वादी हरकिशन सिंह पुत्र श्री नथू सिंह निवासी ग्राम आंगा थाना अजीमनगर, रामपुर के पुत्र शोभित उम्र 25 वर्ष को आत्महत्या के लिए उकसाने पर शोभित ने आत्महत्या कर ली थी। इस सम्बंध में बीस तरीक को थाना अजीमनगर, रामपुर पर धारा भादवि का अभियोग पंजीकृत हुआ था। बुधवार को थाना अजीमनगर, रामपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में नामित अभियुक्त आसिफ पुत्र इरशाद अंसारी निवासी ग्राम आंगा थाना अजीमनगर, रामपुर को मंगल का बाजार नीम वाली ज्यारत के पास से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है

## पुलिस झण्डा दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने दिलाई शपथ

**अमर ख्याल**

**बलरामपुर ।** पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में झण्डारोहण कर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को पढ़कर सुनाया गया और शुभकामनाएं दी गई। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना द्वारा पुलिस झण्डा दिवस रिजर्व पुलिस लाइन जनपद बलरामपुर में झण्डारोहण कर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को पढ़कर सुनाया गया और अधिकारी/कर्मचारियों को झण्डा का प्रतीक चिन्ह लगाकर शुभकामनाएं दी गई। सभी कर्मचारियों को संदेश शपथ दिलायी गयी एवं समाज के प्रति सुरक्षा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठता की बधाई दी गयी ।इसी क्रम में पुलिस कार्यालय एवं जनपद के समस्त थाना/चौकी पर अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के संदेश को पढ़कर सुनाया गया और पुलिस झण्डा दिवस का टैग लगाया गया।

## मेले में बिना परमिशन के डांस पार्टी तथा सजे जुए के फड , जिम्मेदार मौन

अमर ख्याल ब्यूरो



बहराइच। स्थानीय थाना नवाबगंज क्षेत्र में शासन और प्रशासन के नियमों की मेले में उड़ाई जा रही धज्जियां बिना परमिशन के चल रही डांस पार्टी व कई जुए के फड भी मेले में चलता हुआ दिखा और हजारों का वारा न्यारा हुआ लेकिन जिम्मेदार रहे मौन। बताते चलें कि नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सतीजोर गांव में हजरत मलंग अजमत अली शाह का सालाना उर्स चल रहा है। इस मौके पर मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में जहां बिना परमिशन के डांस पार्टियां चल रही है नर्तकीओं का डांस देखने के लिए भारी भीड़ देखने को मिली लेकिन सुरक्षा के नाम पर मौके पर पुलिस मौजूद नहीं मिली जिससे आरजकता फैलने की आशंका बनी हुई है मेले में कई प्रकार के जुए के फड भी सजे मिले जहां मेला देखने आए मेलार्थियों ने जमकर जुआ खेला और डांस पार्टी में भी काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे लेकिन जहां डांस पार्टी बिना परमिशन के चल रही थी वही जुए के भी खूब धड़ल्ले से चले जब जिम्मेदारों से बात की गई तो उन्होंने जानकारी से इंकार कर दिया जबकि नवाबगंज की पुलिस फोर्स मेले में तैनात रही

## जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में आहरण-वितरण अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**अमर ख्याल , अहमद रजा**

**बलरामपुर ।** राज्यकर विभाग, बलरामपुर द्वारा जनपद के समस्त आहरण-वितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान टी0डी0एस0 कटौती एवं जी0एस0टी0आर0-7 रिटर्न फाइलिंग में जनपद के समस्त डी0डी0ओ0, बी0डी0ओ0 को टी0डी0एस0 कटौती करने एवं अगले महीने की 10 तारीख तक जमा करने के बारे में जानकारी दी गई ।विभाग के उपायुक्त राज्यकर हृषिकेश यादव ने सभी अधिकारियों को बताया कि 2.50 लाख से ऊपर के सभी अनुबंध पर नियमानुसार 2 प्रतिशत कटौती की जायेगी, सहायक आयुक्त राज्यकर मो0 इम्तियाज सिद्दीकी ने जानकारी देते हुये कहा कि जी0एस0टी0आर0-7 अगले महीने की 10 तारीख तक अवश्य दाखिल कर दें जिससे सम्बन्धित फर्म, ठेकेदार को जो भी धनराशि भुगतान की गई है

उसकी सूचना विभाग को उपलब्ध हो जायेगी और भुगतान प्राप्त करने वाली फर्म से नियमानुसार जी0एस0टी0 जमा कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जनपद के 95 प्रतिशत ठेकेदार, फर्म जी0एस0टी0 नहीं देते है इनकी सूची मंगायी जा रही है इनसे जी0एस0टी0 कर वसूला जायेगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया है कि ठेकेदारों एवं फर्मों को भुगतान करते समय टी0डी0एस0 अवश्य काटे इसमें किसी भी प्रकार की रियायत न दी जाए।

तो टी0डी0एस0 की धनराशि के अतिरिक्त 18 प्रतिशत की दर से ब्याज जमा करने का दायित्व भी होगा। टी0डी0एस0 कटौती के किसी प्राविधान का उल्लघंन होने पर टी0डी0एस0 ब्याज सहित अन्य अर्थदण्ड का प्राविधान निर्धारित किया गया है। जी0एस0टी0 के अन्तर्गत समस्त कार्य ऑनलाइन होने के कारण पंजीयन हेतु समस्त आवेदन जी0एस0टी0 कॉमन पोर्टल ६६६ॅ.२३.ङ्क५.ल्ल पर ऑनलाइन दाखिल किये जायेगें

## जरगांव गन्ना केंद्र पर आठवें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

अमर ख्याल



मुरादाबाद । जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय पर होने वाले धरने पर हुआ विचार विमर्श मुरादाबाद बिलारी जरगांव गन्ना केंद्र पर भारतीय किसान संघ मुरादाबाद के बैनर तले मुरादाबाद संभल बॉर्डर पर आठवें दिन भी किसानों का धरना जारी रहा। जिसमें किसानों ने आगामी 25 नवंबर को जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद के कार्यालय पर धरने की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया। जिला अध्यक्ष तेजभान सिंह ने कहा की प्रशासनिक अधिकारी और नेता अपने अपने घरों में सर्दी में आराम से रहते हैं वही आज पिछले 8 दिनों से किसान जरगांव गन्ना क्रय केंद्र पर इतनी सर्दी में धरना दे रहे हैं। लेकिन अभी तक प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। प्रशासनिक अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण किसानों को एक ऐसी गन्ना मिल से जोड़ा जा रहा है जिससे पहले से ही किसानों का गन्ना का भुगतान नहीं किया है।

इसलिए सभी किसान भाइयों ने निर्णय लिया है कि 25 नवंबर को इस गन्ना क्रय केंद्र से संबंधित बारह गांव के किसान और मुरादाबाद मंडल के सभी जिलों के भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे और हमें पूरी आशा है कि हमारा संघर्ष एक दिन सफल होगा और हमें सफलता अवश्य मिलेगी। प्रांत जैविक प्रमुख जुगनेश राघव ने कहा की प्रशासन जब तक हमारा गन्ना क्रय केंद्र बिलारी से नहीं जोड़ेगा तब तक धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर आज विभाग संगठन मंत्री रमेश जी ,फतेह सिंह चौहान, छबि लाल मीणा ग्राम प्रधान अमियापुर, सोहन लाल मौर्या ग्राम प्रधान बरौली रुस्तमपुर, राजवीर सिंह मीणा, रामपाल सिंह, राजवीर सिंह राघव, मुकेश कुमार सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ग्राम खासेपुर, रामकिशोर सैनी, चौधरी अतर सिंह, चौधरी सत्यपाल सिंह, चौधरी श्योराजसिंह, पूरन लाल मौर्या, महेश चंद्र जाटव, नवल किशोर मीणा ग्राम प्रधान धामा बली, रमन ग्राम प्रधान उमरा गोपालपुर, चौधरी सुरेश पाल सिंह ग्राम प्रतिनिधि अमियापुर आदि सैकड़ों किसान उपस्थित रहे

## सरकारी शिक्षक की तहरीर पर प्राइवेट शिक्षक के खिलाफ कुरारा पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर**-कुरारा स्थानीय राजकीय इंटर कालेज में कार्यरत शिक्षक की तहरीर पर प्राइवेट शिक्षक के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने तथा जातिसूचक शब्दो से गालियां देने के आरोप में पुलिस ने मारपीट सहित एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय राजकीय इंटर कालेज में कार्यरत शिक्षक शेलेन्द्र सिंह पुत्र रामशंकर निवासी हरीगंज थाना कोतवाली कालपी जनपद जलौन

ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 16 अगस्त 22 को विद्यालय में शिक्षण कार्य करते समय कस्बा के वार्ड 3 निवासी ब्रजेश यादव पुत्र दयाराम जो कि इंटर कालेज में ही प्राइवेट शिक्षक है। उस दिन में 11 बजे मुझे गाली गलौज किया मना करने पर उसने मेरे साथ मारपीट की तथा कहा कि तुम्हारे साथी पंकज प्रभाकर को किनारे करवा दिया है। अब तुम्हारा नम्बर है। विद्यालय में प्रभारी इंचार्ज की शह पर उसने मारपीट की है। तथा जाति सूचक गालियां दी थी। जिसकी शिकायत पीड़ित शिक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षकसे की थी। वही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस ने ब्रजेश कुमार यादव के खिलाफ मारपीट व जाति सूचक गाली गलौज करने के आरोप में एससी एसटी का मकदमा दर्ज किया है।

## सामूहिक विवाह 25 नवम्बर को

अमर ख्याल , राजेश कुमार

मथुरा। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 170 जोड़ों का सामूहिक विवाह दिनांक 25 नवम्बर 2022 शुक्रवार को समय प्रातः 10 बजे से कराया जायेगा। प्रति जोड़े के लिए रुपए 51 हजार जिसमें रुपए 35 हजार कन्या के खाते में, रुपए 10 हजार गृहस्थी का सामान के लिए तथा रुपए 06 हजार विवाह कार्यक्रम संपन्न किये जाने में व्यय होगा। विकास खण्ड मथुरा एवं नगर निगम मथुरा वृन्दावन का कार्यक्रम बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज मथुरा में होगा, विकास खण्ड छाता एवं चौमुहां का कार्यक्रम मैरिजहोम मेवाराम में होगा, विकास खण्ड गोवर्धन व नगर पंचायत गोवर्धन का कार्यक्रम विकास खण्ड गोवर्धन में होगा, विकास खण्ड मांट एवं नौहझील का कार्यक्रम विकास खण्ड मांट में होगा, विकास खण्ड फरह व नगर पंचायत फरह का कार्यक्रम विकास खण्ड फरह में होगा तथा विकास खण्ड राया, बल्देव एवं नन्दगांव का कार्यक्रम संबंधित विकास खण्ड कार्यालयों पर आयोजित होगा। श्री सिंह ने बताया है कि जो व्यक्ति मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत अपने पुत्रियों की शादी हेतु इच्छुक है वे अपने संबंधित विकास खण्ड, नगर पंचायत, नगर पालिका व नगर निगम कार्यालयों पर संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं, जिनको आगामी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा।

## बालिकाओं के शिक्षित होने से देश आगे बढ़ेगा : संजय अवस्थी

मनोज त्रिपाठी



घूरपुर ( प्रयागराज ) । बालिकाएं हमारे समाज की रीढ़ होती हैं अगर वह आगे बढ़ती हैं तो समाज आगे बढ़ता है इसलिए उनकी शिक्षा का उचित प्रबंध और प्रोत्साहन आवश्यक होता है। उपरोक्त बातें मुख्य आयकर आयुक्त संजय अवस्थी ने घूरपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में भारत सरकार के उपक्रम आयकर विभाग प्रयागराज,सीए एसोसिएशन व बार एसोसिएशन संयुक्त प्रयास से बालिकाओं के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु बेसिक शिक्षा विभाग इलाहाबाद के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय जसरा में शिक्षा अधिगम सामग्री डोनेट की गई ।जिसके अंतर्गत सिलाई मशीन, कंप्यूटर, वाईफाई राउटर, खाद्य सामग्री एवं ग्यारह हजार नकद का अंशदान दिया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्य आयकर आयुक्त संजय अवस्थी माननीय प्रधान आयुक्त शिखा दरबारी अध्यक्ष सीए एसोसिएशन राजेश पांडे वरिष्ठ अध्यक्ष बार एसोसिएशन अजीत धवन,निधि अग्रवाल अपर आयकर आयुक्त राय जी, संयुक्त अपर आयुक्त शालिनी आयकर आयुक्त अपील चौधरी जी सहायक निदेशक आयकर विभाग श्री हरकृष्ण तिवारी जी के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा के निर्देशन में डीसी सामुदायिक सुनीता चौधरी एवं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन मीना देवी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत यूपीएस घूरपुर एवं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।आयकर आयुक्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया ।कार्यक्रम में एआरपी जितेंद्र मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा, सतीश कुशवाहा, गिरीश चंद सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, शिव भूषण सिंह, देवव्रत द्विवेदी, सरोज सिंह, एसपी सिंह, बबिता वर्मा, होरीलाल, अब्दुल कुद्दूस खान, उमेश द्विवेदी, नीरू सिंह, मुकेश सिंह, मयंक द्विवेदी, मयंक तिवारी, राजेश्वर मिश्रा, लक्ष्मी नारायण पांडे,सीमा सिंह,सुमन भटोनिया आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एसआरजी प्रयागराज सुनील तिवारी ने किया।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न



**अमर ख्याल , अहमद रजा**

**बलरामपुर ।** जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहायक निदेशक वीके वर्मा द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत निजी भूमि पर तालाब निर्माण, बृहद आरएएस, बायोफ्लॉक, फिस आहार मिल आदि योजनाओं एवं उनमें मिल रही सब्सिडी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ।जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं में दी गई सब्सिडी का भौतिक सत्यापन कराए जाने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया गया। उन्होंने कहा कि मत्स्य संपदा योजना के तहत जनपद में कम से कम 10 आहार मिल बनाया जाए एवं निवेश को बढ़ावा दिया जाए ।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक, पीडी डीआरडीए, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ वीके वर्मा, मस्से निरीक्षक रेवती रमण, लीड बैंक मैनेजर वाह अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे

## झण्डा दिवस के अवसर पर एसपी द्वारा पुलिस लाईन में किया गया ध्वजारोहण



**अमर ख़्याल। राहूल कुमार**

**रामपुर।** जैसा कि विदित है कि 23 नवम्बर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री श्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू जी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को ध्वज प्रदान किया गया था। इसी दिन पी0ए0सी0 बल को भी ध्वज प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में 23 नवम्बर का दिन विशेष महत्व रखता है। इस तिथि को ह्यह्यपुलिस झण्डा दिवसह्लह्ल के रूप में मनाया जाता है ।एसपी अशोक कुमार शुक्ला द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन, रामपुर में ध्वजारोहण कर सलामी दी गयी। सभी पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का संदेश पढकर सुनाया गया तथा झण्डा दिवस का टैग लगाया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने कार्यालयों में एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा थानों पर ध्वजारोहण किया गया।

## मासूम बच्ची को लेकर किन्नरों ने जमकर किया हाईवोल्टेज ड्रामा



**मनोज वैश्य**

**सीतापुर ।** थाना रामकोट क्षेत्र का मामला तहसील परिसर सीतापुर में काशीराम कॉलोनी की निवासी रेखा जायसवाल व किन्नर मोनी सहित कई किन्नर व अन्य ने एक बच्ची को रेखा जायसवाल ने लिया था लगभग 4 साल की पुत्री पिता मोनू निवासी हवाईटोला बिसवा जनपद सीतापुर ने पुलिस को सूचना दी गई कि काशीराम कॉलोनी निवासी एक महिला ने उनकी बच्ची को जबरन ले लिया है उसके बाद पुलिस के द्वारा बच्ची को चाइल्ड वेलफेयर सेंटर के आदेश पर पुलिस के द्वारा बच्ची को उनके परिजनों को सौंप दी गई है किन्नरों ने तहसील से लेकर आरएमपी रोड तक हाईवोल्टेज हंगामा शुरू कर दिया तहसील से बच्ची को जैसे ही अपनी गाड़ी में लेकर चले किन्नरों ने दौड़कर पुलिस जीप में पीछे लटककर सवार हो गए आरएमपी रोड पर पुलिस वालो ने उतारा फिर किन्नरों ने ईट उठाकर चलानी शुरू कर दिया जमकर हुआ हाई प्रोफाइल ड्रामा। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि बच्ची को न्यायालय के आदेश पर पिता को सौंप दी गई है पुलिस से की गई अभद्रता पर कार्यवाही की जायेगी।

## जरिया प्रभारी निरीक्षक ने अवैध असलहा सहित अवैध गांजे के साथ दो अभियुक्त किए गिरफ्तार

**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर** पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल द्वारा जिले में चलाए जा रहे अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान क्रम में जरिया प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन के नेतृत्व में उप निरीक्षक बाबूराम शुक्ला व कांस्टेबल मनोज कुमार द्वारा एक अभियुक्त रमन कुमार पुत्र अखिलेश निवासी ग्राम उमरिया थाना जरिया को एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ पतखुरी से अमूंद जाने वाली सडक ग्राम अमूंद रोड से गिरफ्तार कर धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। इसी क्रम में एक और गुड वर्क करते हुए जरिया प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन के नेतृत्व में उप निरीक्षक गुलाब सिंह व आरक्षी रोहित वर्मा द्वारा एक अभियुक्त अंकित राजपूत पुत्र वीरसिंह निवासी ग्राम परछा थाना जरिया को एक किलो दो सौ ग्राम अवैध गाँजा के साथ राठ- उमरिया रोड से गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

## बिना एमएम 11 के मौरम परिवहन के आरोप में खान अधिकारी ने कराया मुकदमा दर्ज कराया

**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर ।** कुरारा थाना क्षेत्र के बेरी गांव से अवैध मौरम खनन कर बिना एम एम 11 के मौरम परिवहन करने के आरोप में खान अधिकारी ने चेकिंग अभियान में पकड़ कर थाने में तहरीर दी है ।वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के जिल्ला गांव के पास बीती रात खान निरीक्षक व पुलिस बल द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बेरी तरफ मौरम लेकर कस्बा कुरारा तरफ आ रहे एक ट्रक चालक को रोककर उससे मौरम की रॉयल्टी मांगी गई। लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा सका तब उसको पकड़ कर थाने में खड़ा कराया गया तथा खान निरीक्षक पी एस रामबरन की तहरीर पर अज्ञात ट्रक मालिक के खिलाफ अवैध मौरम खनन कर परिवहन करने व सरकारी संपत्ति की चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डीएम ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी/गोष्ठी

अमर ख्याल संवाददाता

गोण्डा। गांधी पार्क टाउनहॉल गोंडा में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ केक काटा एवं संबंधित विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी ली। वहीं विभाग में कार्यरत कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा विभाग से संबंधित भिन्न- भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी कराये जाय ताकि इससे काफी लोग जागरूक हो सके। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही विकासखंड मुजेहना के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा एक सांस्कृतिक नाटक के माध्यम से लोगों के खान-पान एवं कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की देखभाल व उनके पोषण के संबंध में जानकारी देते हुए एक अच्छा नाटक प्रस्तुत किया



गया।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ० उज्जवल कुमार ने टाउन हॉल में आयोजित पोषण चौपाल कार्यक्रम के तहत दो घोषणाएं कीं। उन्होंने चाइल्ड प्रोटक्शन फंड एवं विकास भवन में खिलौना बैंक बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि चाइल्ड प्रोटक्शन फंड के माध्यम से कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की देखभाल व उनके पोषण इत्यादि के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को मदद की जाएगी, साथ ही खिलौना बैंक में आने वाले खिलौने को आंगनवाड़ी केंद्रों पर भेजा जाएगा जिससे कि बच्चे उन खिलौनों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० रश्मि शर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र गौतम, सीडीपीओ नवाबगंज रमा सिंह सहित जनपद के सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर व माया सिंह, मिताली सिंह, सुपरवाइजर सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नगर निकाय चुनाव को देखते हुए उप जिलाधिकारी ने ब्लाक परिसर का किया निरीक्षण



**अमर ख्याल , सोनी कुमारी महराजगंज ( रायबरेली )** आगामी नगर पंचायत चुनाव को देखते हुए उप जिला अधिकारी धीरज श्रीवास्तव प्रशासनिक अमले के साथ महराजगंज में स्थित ब्लाक परिसर का निरीक्षण किया। महराजगंज ब्लॉक परिसर मे पहुंचे धीरज श्रीवास्तव ने नामांकन स्थल सहित ब्लाक परिसर के भवन एवं अन्य जरूरी चीजों का गहनता से निरीक्षण किया चुनाव आयोग ने नगर निकाय चुनाव की घोषणा कर दी है चुनाव को देखते हुए महराजगंज तहसील प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय दिखाई पड़ रहा है। इस विषय में जब उप जिलाधिकारी धीरज श्रीवास्तव से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि ब्लाक परिसर का निरीक्षण किया गया नामांकन स्थल एवं अन्य जरूरी चीजें देखी गई है अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार अनिल कुमार पाठक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड के दौरान तीन आरोपी गिरफ्तार



अमर ख़्याल , राहुल कुमार

रामपुर। एसपी रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर डा0 संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन एंव एसओजी टीम जनपद रामपुर द्वारा बुधवार को चैंकिग संदिग्ध वाहन व्यक्ति के दौरान एक मोटर साइकिला आश्रम पद्धति के पास मजार की तरफ से आती हुए दिखाई दी जिस पर सवार तीन युवक सवार थे जो पुलिस टीम को देखते ही बाइक को फुर्ती से वापस घुमाने लगे बाइक घुमाने के दौरान बाइक बंद हो गयी तो उनके द्वारा पुलिस टीम पर आग्नेयाशत्र से फायर किया गया पुलिस टीम द्वार आत्मरक्षार्थ अद्मय साहस का परिचय देते हुए आवश्यक बल प्रयोग करके पुलिस मुठभेड में नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्ज से 1 देशी रिबाल्वर 32 बोर व 1 खोका कारतूस व 2 कारतूस 32 बोर व 2580/- रुपए नगद व चोरी के 16 अदद मोवाईल व एक अदद मोटरसाईकिल फर्जी नम्बर प्लेट वढ21 इए 2123 बरामद की गयी अभि0गण द्वारा चैनस्नैचिग की घटना व करीब 05 माह पुर्व छपट्टा मारकर छीने गये मोबाईल तथा थाना कोतवाली क्षेत्र से 02 मोटरसाईकिल चोरी करने का इकबाल किया है अभियुक्तगण सातिर किस्म के अपराधी है इनके विरूद्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी ।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने किया रक्तदान

अमर ख्याल सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली )। ₹धरतीपुत्र₹ श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव नेता की 83जयंती पर समाजवादी पार्टी रायबरेली की तरफ से रक्त दान किया गया इस मौके पे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष इं० वीरेंद्र यादव व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष फहीम अहमद जिला महासचिव अरशद खान , डॉ अभिताब पाण्डेय इरफान सिद्दीकीकी डॉ एम आई जावेद मोहम्मद मुशीर मोहम्मद शाहिद राजू सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूदगी में यूथ ब्रिगेड के साथियों शहर स्थित आई एम ए ब्लड बैंक में रक्तदान



यूथ ब्रिगेड और तमाम समाजवादी साथियों ने भी रक्त दान किया नेता चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण श्रद्धांजलि समारोह किया गया और जिला अस्पताल मैं और महिला किया। जिसमे मुख्य रूप से रक्तदान करने वाले पदाधिकारी रेहान अहमद कजियाना जिला सचिव यूथ ब्रिगेड, अखिलेश माही प्रदेश सचिव यूथ ब्रिगेड,कैफ खान जिला सचिव अस्पताल में मारिजो को फल वितरण और सुपर मार्केट में भोजन वितरण किया गया नेता के जन्म दिन संकल्प दिवस के रूप में मनया गया वरिष्ठ पदाधिकारी मौजुद रहे

## पुलिस झण्डा दिवस दृष्ट से एसपी ने पुलिस लाइन व कार्यालय में किया झण्डा रोहण



**अमर ख्याल**

**गोण्डा।** पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने पुलिस लाइन में झण्डा रोहण कर सलामी दी,पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को उपस्थित पुलिस अधिकारियो /कर्मचारीगणों को पढ़कर सुनाया व झण्डा दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी देकर से बताया और पुलिस ध्वज का प्रतीक उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्दी की बाई जेब की बटन के ऊपर लगाया।अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय झण्डा रोहण कर सलामी दी तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को उपस्थित पुलिस अधिकारियो /कर्मचारीगणों को पढ़कर सुनाया व झण्डा दिवस के बारे में विस्तार से बताया तथा पुलिस ध्वज का प्रतीक उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्दी की बाई जेब की बटन के ऊपर लगाया। इसी तरह समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारीयो द्वारा अपने-अपने कार्यालयों पर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया

## नमो नमो क्रांति फाउंडेशन ने सदस्यता अभियान चलाया



**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोण्डा।** नमो नमो क्रांति फाउंडेशन महिला मोर्चा के द्वारा एक बैठक रखी गई जिसमें सभी का स्वागत किया गया जिसमें उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही है उनको जन-जन तक पहुंचाया जाएगा ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि नमो नमो कांति महिला टीम जिला गोंडा में बहुत तेजी से विस्तार हो रहा है बहुत जल्द दो हजार के ऊपर हमारी टीम मजबूत हो जाएगी जिसमें उपस्थित जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयावंती सिंह ब्लॉक अध्यक्ष दीपमाला तिवारी खुशबू दुबे रोहिनी तिवारी राधा शुक्ला करिश्मा सिंह मंजू सिंह मालती सिंह नीतू सिंह श्रीमती अजय सिंह प्रीति सिंह रिंकल सिंह किरन मिश्रा माधुरी मिश्रा मंजू मिश्रा सहित मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद गोण्डा में मनाया गया साइबर जागरूकता दिवस

अमर ख्याल

गोंडा । पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर के निर्देशन में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु ह्यह्यसाइबर जागरूकता दिवसह्यह्य पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में का सेमीनार आयोजित कर से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर



क्राइम रिपोटिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड/ डेविड कार्ड/ क्रेडिट, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई सम्बान्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क/हेल्पलाइन नम्बर/वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है, इसकी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया

उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कराना था जिससे साइबर अपराध सम्बन्धी जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सकें

## पिता की पुण्यतिथि पर सैकड़ों लोगों को पुत्र ने बाटी साड़ी



**अमर ख्याल सोनी कुमारी महराजगंज ( रायबरेली )** बुधवार को एक समाजसेवी ने अपने पिता की पुण्य तिथि पर सैकड़ो गरीब वृद्ध दिव्यांग महिलाओ को साड़ी का वितरण किया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्थानीय युको बैंक शाखा प्रबंधक रश्मि रही।मुख्य अतिथि के द्वारा साड़ी पाकर गरीब महिलाओ के चेहरे खिल उठे।पूरे नंदा सिंह मजरे समरहदा गांव निवासी सोनू सिंह द्वारा अपने पिता सूरत साई की पुण्य तिथि पर बिगत कई वर्षो से गरीब असहाय महिलाओ को अंगवस्त्र भेट किया जाता रहा है।आज एक समारोह आयोजित कर 500 महिलाओ को साड़ी के रूप मे अंगवस्त्र भेट किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि रश्मि ने कहा की गरीब असहाय की मदत करना पुनीत कार्य है।इस मौके पर सोनू सिंह मोनू सिंह राज बक्श सिंह संजय सिंह रणधीर सिंह शिव सरण सिंह बजरंग सिंह राम नरायण तिवारी बब्लू सिंह दुर्योधन सिंह राधेश्याम सिंह मौजूद रहे।

## इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल के 300 बच्चों की यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया पुलिस अधीक्षक यातायात



**अमर ख्याल**

**गोरखपुर ।** पुलिस अधीक्षक यातायात के द्वारा₹ यातायात माह नवंबर 2022₹ के चल रहे कार्यक्रमो के क्रम में इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन कर आम जनता को जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। इस रैली को पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देकर हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया जो इंदिरा बाल विहार तिराहा से प्रारंभ होकर गोलघर होते हुए कचहरी चौराहा से गणेश चौराहा से होकर सिटी माल पर आकर समाप्त हुआ। इस दौरान बच्चों ने जो वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं लगाए थे उन्हें रोककर हेलमेट और सीट बेल्ट की आवश्यकता को बताते हुए यातायात नियमों के बारे में बताया इस रैली में पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ स्कूल के प्रबन्धक महेन्द्र अग्रवाल जी एवं प्राचार्य श्रीमती मिशेल त्रिपाठी तथा निरीक्षक यातायात धर्मेन्द्र कुमार सिंह, निरीक्षक यातायात अजीत कुमार पाण्डेय एवं अन्य शिक्षक गण और यातायात कर्मी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयागराज भ्रमण कार्यक्रम



**अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी प्रयागराज।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ आज अपरान्ह 01:50 बजे परेड ग्राउण्ड, प्रयागराज आयेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 03:30 बजे तक परेड ग्राउण्ड में प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं जनपद की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 03:30 बजे से अपरान्ह 03:45 बजे तक जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री जी अपरान्ह 04:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में आगामी कुम्भ मेला एवं माघ मेला के सम्बंध में समीक्षा बैठक करेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री सायं 06:25 बजे लखनऊ के लिए प्रस्था

## पुलिस झंडा दिवस के दृष्टि से थाना परिसर में हुआ ध्वजारोहण



**अमर ख्याल संवाददाता**

**कटरा बाजार(गोण्डा)** जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने पुलिस झंडा दिवस के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को अवगत कराने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया,वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार के थाना प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन पर थाना परिसर में झंडा फहराकर समस्त पुलिसकर्मियों को पुलिस झंडा दिवस पर्व के दौरान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को उपस्थित पुलिसकर्मी को पढ़कर सुनाया व झण्डा दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने पुलिस ध्वज का प्रतीक उपस्थित पुलिसकर्मी के वर्दी की बाई जेब की बटन के ऊपर लगाया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ,उप निरीक्षक सभाजीत,उप अमित कुमार,उप निरीक्षक विजय बहादुर सिंह,उप निरीक्षक साहेब कुमार, आरक्षी व महिला आरक्षी सहित मौजूद रहे

## बाइक रैली निकालकर किसान भाइयों को फसल बीमा कराए जाने के लिए किया गया जागरूक

**अमर ख्याल , प्रमोद कुमार पांडे बलरामपुर ।** पुनर्गठित मौसम पर फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2022-23 के अन्तर्गत जागरूकता ₹बाईक रैली₹ का आयोजन किया गया , बाइक रैली को डॉ प्रभाकर सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा,उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी एवं बीमा कंपनी से जिला समन्वयक निखिल यादव,

अरुण कुमार तिवारी,राजकुमार यादव,सी.एस.सी. जिला प्रबंधक अमित सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करके कृषको को प्रतिभाग करवाना होगा, ताकि अधिक से अधिक कृषक योजना का लाभ ले सके

# जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में आहरण-वितरण अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

अमर ख्याल , प्रमोद कुमार पांडे

बलरामपुर। राज्यकर विभाग, बलरामपुर द्वारा जनपद के समस्त आहरण-वितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान टी0डी0एस0 कटौती एवं जी0एस0टी0आर0-7 रिटर्न फाइलिंग में जनपद के समस्त डी0डी0ओ0, बी0डी0ओ0 को टी0डी0एस0 कटौती करने एवं अगले महीने की 10 तारीख तक जमा करने के बारे में जानकारी दी गई विभाग के उपायुक्त राज्यकर हृषिकेश यादव ने सभी अधिकारियों को बताया कि 2.50 लाख से ऊपर के सभी अनुबंध पर नियमानुसार 2 प्रतिशत कटौती की जायेगी, सहायक आयुक्त



राज्यकर मो0 इम्तियाज सिद्दीकी ने जानकारी देते हुये कहा कि जी0एस0टी0आर0-7 अगले महीने की 10 तारीख तक अवश्य दाखिल कर दें जिससे सम्बन्धित फर्म, ठेकेदार को जो भी धनराशि भुगतान की गई है उसकी सूचना विभाग को उपलब्ध हो जायेगी और भुगतान प्राप्त करने वाली फर्म से नियमानुसार जी0एस0टी0 जमा कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जनपद के 95 प्रतिशत ठेकेदार, फर्म जी0एस0टी0 नहीं देते है इनकी सूची मंगायी जा रही है इनसे जी0एस0टी0 कर वसूला जायेगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया है कि ठेकेदारों एवं फर्मों को भुगतान करते समय टी0डी0एस0 अवश्य काटे इसमें किसी भी प्रकार की रियायत न दी जाए उन्होंने कहा कि टी0डी0एस0 के मद में काटी गयी धनराशि निर्धारित समयावधि में राजकोष में जमा नहीं की जाती है तो टी0डी0एस0 की धनराशि के अतिरिक्त 18 प्रतिशत की दर से ब्याज जमा करने का दायित्व भी होगा। टी0डी0एस0 कटौती के किसी प्राविधान का उल्लघंन होने पर टी0डी0एस0 ब्याज सहित अन्य अर्थदण्ड का प्राविधान निर्धारित किया गया है। जी0एस0टी0 के अन्तर्गत समस्त कार्य ऑनलाइन होने के कारण पंजीयन हेतु समस्त आवेदन जी0एस0टी0 कॉमन पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जायेगें इस अवसर पर सपना राज्यकर अधिकारी, विनोद कुमार वरिष्ठ कोषाधिकारी, डा0 प्रभाकर सिंह उप कृषि निदेशक, डा0 एके0 चैधरी, राज्यकर निरीक्षक(पूर्व मनोरंजन कर अधिकारी) शुभम कुमार मिश्र, नाजमुद्दीन बेग, दिनेश कुमार, हरिराम, रईस अहमद, शाहिद कमाल, राम अशीष व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद रहे

## भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना के लिए घर-घर जाकर मांगे भाजपा कार्यकताओं ने बोट

**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर** चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता रात दिन मेहनत में लगे हुए हैं रामपुर से भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना को विजय प्राप्त करने के लिए कार्यकताओं ने अपनी अपनी कमर कस ली है और समस्त वार्डों का निरीक्षण करते हुए सभी नगर वासियों से अपील करते हुए भाजपा को वोट देने की बात कही आज वार्ड 4 के पूर्व सभासद दिनेश कश्यप ने अपने सभी कार्यकताओं के साथ मिलकर वार्ड नंबर 4 मैं जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर विजई बनाएं रामपुर में वार्ड नंबर 4 के पूर्व सभासद ने सभी के घर जाकर भाजपा के प्रति जागरूक किया और आने वाले समय में भाजपा एक नया इतिहास बनाएगी यह कहते हुए जनता से भाजपा प्रत्याशी अकाश सक्सेना के लिए वोट मांगे और रामपुर में रोजगार को लेकर भी बात कही इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता अनिल सक्सेना सुभाष सक्सेना आदि मौजूद रहे

## पुलिस झंडा दिवस : डीजीपी ने मुख्यमंत्री को लगाया फ्लैग पिन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में बुधवार को पुलिस झंडा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डीएस चौहान ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फ्लैग पिन लगाया। उन्होंने प्रतीक चिन्ह भी सौंपा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर प्रदेश की पुलिस को पुलिस झंडा दिवस की शुभकमानाएं दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों को पुलिस झंडा दिवस की हार्दिक बधाई। समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा की प्रतीक यूपी पुलिस पर हमें गर्व है। जय हिंद...। इस दौरान डीजीपी के अलावा अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार सहित पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे थे।

## 30 नवम्बर को मेरठ आएंगे मुख्यमंत्री, प्रबुद्धजन सभा को करेंगे संबोधित

**मेरठ।** नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को साधने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार कार्य कर रहे हैं। 30 नवम्बर को मुख्यमंत्री मेरठ में आएंगे और प्रबुद्धजन सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान अरबों रुपए लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समय प्रदेश के बड़े शहरों में प्रबुद्धजन सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। जिसमें विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया जा रहा है। नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा से पहले वे पूरे प्रदेश के शहरी मतदाताओं की नब्ज को टटोल रहे हैं। 21 नवम्बर को गाजियाबाद में प्रबुद्धजन सभा को संबोधित करने के बाद अब 30 नवम्बर को मुख्यमंत्री मेरठ आ रहे हैं।

मेरठ में विक्टोरिया पार्क में आयोजित निकाय प्रबुद्धजन सभा को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंच गया है। इसके बाद से ही प्रशासन और भाजपा नेता मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी में लग गए हैं। बागपत रोड स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बना रहे हैं।

सांसद राजेंद्र अग्रवाल, सांसद विजयपाल तोमर, ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष विमल शर्मा, महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, कमलदत्त शर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेंद्र शर्मा लगातार मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर रहे हैं। जिला प्रशासन के स्तर पर भी सभी विभागों से विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण की जानकारी मांगी गई है और इसके लिए तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय निकाय से संबंधित परियोजनाओं की जानकारी मांगी।

### सी. वी. आनंद बोस ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में ली शपथ

**कोलकाता।** सी. वी. आनंद बोस ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में बुधवार को शपथ ग्रहण की। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी और कई मंत्री मौजूद रहे। हालांकि राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। बोस भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1977 बैच के केरल कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्हें 17 नवंबर को पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल के तौर पर नामित किया गया था। उन्होंने इस पद पर ला गणेशन की जगह ली है। बोस ने कोलकाता में राष्ट्रीय संग्रहालय के प्रशासक के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। वह 2011 में सेवानिवृत्ति हुए थे।

## सपा-भाजपा से बेहतर रही बसपा सरकार, लोगों को मिला रोजगार : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा और भाजपा की सरकार से बेहतर कार्यकाल बसपा सरकार का रहा है। बसपा की सरकार में लोगों को रोजगार दिए गए।

बुनियादी सुविधाओं से युक्त नए पक्के मकान व भूमि आदि भी निःशुल्क में लाखों परिवारों को आवंटित करके यहां गरीबों का जीवन धन्य होते हुए सभी ने देखा, किन्तु सपा और भाजपा की सरकार में भी वैसी खास प्रगति क्यों नहीं?

उन्होंने कहा कि यूपी में देशी व विदेशी पूंजीनिवेश के लिए सरकार का अनवरत प्रयास जरूरी, किन्तु यह केवल खेती भूमि के अधिग्रहण तथा राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। यूपी जैसे अति-गरीबों के पिछड़े प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में वैसी ही तेज प्रगति भी लोगों को दिखनी चाहिए। आगे कहा कि यूपी की समग्र प्रगति, विकास व लोगों की रोजी-रोटी के साथ ही उनकी सुरक्षा व आत्म-सम्मान के लिए बीएसपी की हुकूमत में जो कुछ खास काम किया वह अपने बलबूते पर किया गया। यमुना के साथ गंगा एक्सप्रेसवे व जेवर एयरपोर्ट भी तब बन जाता अगर केन्द्र की कांग्रेस सरकार ने थोड़ा सहयोग किया होता।

### परीक्षा केन्द्र हेतु स्वीकृत एवं निरस्त विद्यालयों की सूची अलग-अलग उपलब्ध करायें:जिलाधिकारी

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बोर्ड परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों के सत्यापन सम्बन्ध में तहसीलवार वीडियो कान्फेसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बोर्ड परीक्षा केन्द्रों के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा भेजी गयी सूची के विद्यालयों की गहनता पूर्वक जांच कर लें और जिन विद्यालयों में पर्याप्त कक्ष न हो, हर कक्ष में सीसी कैमरा न हो, पेयजल, विद्युत एवं शौचालय आदि की उचित व्यवस्था न हो उन विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र के रूप में संस्तुति न दी जायें और परीक्षा केन्द्र हेतु स्वीकृत एवं निरस्त विद्यालयों की सूची अलग-अलग उपलब्ध करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे को निर्देश दिये कि उप जिलाधिकारियों से सूची प्राप्त होने के बाद ही निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की अनन्तिम सूची का प्रकाशन परिषद की वेबसाइट पर कराये और जिसका परीक्षण जनपदीय परीक्षा समिति द्वारा भी किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहें।

## भाजपा सांसद अरुण सागर फरार घोषित, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिला कोर्ट ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद अरुण सागर को फरार घोषित कर दिया। उन पर पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान प्रशासन की अनुमति के बिना दीवार पर पेंटिंग कराने का आरोप है।

एमपी-एमएलए कोर्ट की विशेष जन अभियोजक ने बुधवार को बताया, "अरुण सागर को 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान बिना संबद्ध अधिकारी की अनुमति के चुनाव सामग्री लाने के एक मामले में फरार घोषित कर दिया गया है। उन्हें बार-बार कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया लेकिन वे पेश नहीं हुए। इसी मामले में इससे पहले उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था क्योंकि वे कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।" वर्ष 2019 में 12 मार्च को तत्कालीन उपजिलाधिकारी सदर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 136 विधानसभा क्षेत्र ददरौल वेद सिंह चौहान भ्रमण कर रहे थे। उन्हें कांट थाना क्षेत्र के गांव रसूलापुर में बरेली-जलालाबाद मार्ग पर तब भाजपा प्रत्याशी रहे अरुण सागर की प्रचार सामग्री दिखाई दी। बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के यह प्रचार सामग्री लगाई गई थी। उनकी तहरीर पर कांट थाने में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। इसके बाद से वाद अदालत में चल रहा है।

अरुण सागर इस मामले में अदालत में हाजिर नहीं हुए जिसकी वजह से कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। वारंट जारी होने के बाद भी जब भाजपा सांसद अरुण सागर अदालत में हाजिर नहीं हुए तो अदालत ने 21 नवंबर के आदेश में सीआरपीसी की धारा 82 के तहत उन्हें फरार घोषित कर दिया।

कोर्ट ने सांसद के आवास के साथ ही आदेश की प्रति सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराने के आदेश दिए हैं।

## माफिया अतीक अहमद की 1.23 अरब की सम्पत्ति कुर्क

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की लगभग एक अरब, 23 करोड़ 28 लाख से अधिक की सम्पत्ति जिला एवं पुलिस प्रशासन ने बुधवार को कुर्क की। अब तक की हुई कार्रवाई में यह सबसे बड़ी मानी जा रही है। धूमनगंज थाना प्रभारी ने बताया कि अतीक अहमद के पिता और चाचा के नाम से झूंसी स्थित हवेलिया में पड़ी अरबों की सम्पत्ति को कुर्क कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस फोर्स के साथ पीएसी के जवान मौजूद थे। ढोल पिटवा कर कुर्की की मुनादी की कार्रवाई की गई। जमीन कुर्क करने के बाद वहां पर प्रशासन व पुलिस ने बोर्ड लगवा दिया। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है। इससे पहले अतीक की 500 करोड़ से अधिक की सम्पत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं।

## एक्यूप्रेशर चिकित्सा का एक अभिन्न अंग : राज्यमंत्री दयालु

### एक्यूप्रेशर शोध संस्थान के 24वां राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारम्भ

**प्रयागराज।** एलोपैथ के अलावा जितनी विधाएं हैं, उसका जन्म बहुत पहले से हुआ है। एक्यूप्रेशर विधा प्राकृतिक चिकित्सा का एक अभिन्न अंग है तथा जनहित में इसके व्यापक प्रसार की आवश्यकता है। यह बातें आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्न ने बुधवार को एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान के 24वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कही।



झूंसी स्थित सरस्वती आश्रम छतनाग में एमपी खेमका महाविद्यालय में आयोजित सम्मेलन में दयालु ने देश के कई राज्यों से आए चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इलाज के लिए कुल सात विधाएं हैं। इसमें यूनान 5-6 हजार वर्ष पूर्व से है। महर्षि श्रुश्रुत की चरक संहिता है, जो सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का जनक भगवान धनवन्तरि को मानते हैं। हमारी पुरानी पद्धति सबसे अच्छी है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास और अपने अतीत में झांकने का जो बीड़ा प्रधानमंत्री मोदी ने उठाया है, वह बहुत सराहनीय है। अंत में उन्होंने संस्थान को सहयोग का भी आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार अग्रवाल ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए गिलोय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिन्होंने काढ़ा पिया, सभी स्वस्थ रहे और डेंगू में भी जिन्होंने पपीते के पत्ते का रस और बकरी का दूध पिया, उनका प्लेटलेट्स दो दिन में बहुत बढ़ गया। इसी प्रकार उन्होंने आयुर्वेद एवं एक्यूप्रेशर की उपयोगिता के बारे में चर्चा की। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि हमारे हाईकोर्ट में 90 प्रतिशत जज एक्यूप्रेशर विधा से ही इलाज कराते हैं। संस्थान के अध्यक्ष जे.पी अग्रवाल ने जटिल एवं असाध्य रोगों में एक्यूप्रेशर के बारे में उदाहरण प्रस्तुत करते हुए इसके सरकारी स्तर पर जनहित में व्यापक प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि एलोपैथ के चिकित्सक भी जानते हैं कि अंग्रेजी दवाओं का साइड इफेक्ट बहुत है। इसलिए वे भी इन्हीं पद्धतियों से अपना भी इलाज कराते हैं।

कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक ए.के द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन परिसर के प्राचार्य ए.पी सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ आंजनेय शुक्ल, एस.के गोयल, ए.के शुक्ल, एम.बी त्रिपाठी, एस.एन दुबे, एस.पी केसरवानी एम.एम कूल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर ट्राली में घुसी, हादसे में दो की मौत

**गोरखपुर।** गोरखपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां गुलरिहा थाने के झुंगिया बाजार में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार से जा रहे थे और पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गए। तीनों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। दो मृतकों की पहचान महराजगंज जिले के पनियरा थाना के बसडीला निवासी अमित साहनी (30) पुत्र अमरजीत और पनियरा थाना क्षेत्र के मदन साहनी (35) पुत्र मोती के रुप में हुई। वहीं एक घायल मोहनी साहनी (22) के रुप में हुई। घटना की जानकारी इनके परिजनों को दे दी गई है।

### महिलाओं को गलत आचरण एवं व्यवहार का डटकर मुकाबला करना चाहिए : अलका गुप्ता

**हरदोई।** गांधी भवन हाल में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से कौमी सप्ताह के अंतर्गत महिला सशक्तीकरण तथा कुपोषण दूर करने में महिलाओं की भागीदारी पर बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अलका गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनने के लिए स्वयं को मजबूत करना होगा और हर गलत व्यवहार एवं अत्याचार का डटकर मुकाबला करना चाहिए। कहा कि महिलायें खुद को सशक्त रहने के लिए अपने आस-पास की गतिविधियों पर नजर रखते हुए घर-परिवार तथा समाज की मयार्दा को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

## सब्जियों के उत्पादन में रसायनिक खादों का प्रयोग न करें: राज्यपाल

### पीलीभीत में महिला किसानों से मिलीं आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद पीलीभीत भ्रमण के तीसरे दिन सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित ग्राम मटैया लालपुर में गांव वासियों और महिला किसानों से मुलाकात की। राज्यपाल सब्जी उत्पादक कृषकों, प्रगतिशील किसानों, महिला कृषक समूहों से मुलाकात के दौरान कहा कि सब्जियों के उत्पादन में रासयानिक खादों व दवाओं का प्रयोग न करें। राज्यपाल ने संत विनोबा सेवा आश्रम के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा महिला समूहों के कार्यक्रम को सम्बोधित किया। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि महिलाएं जब किसी काम को सामूहिक रूप से प्रारम्भ करती हैं तो उसके सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने महिलाओं के कृषि तथा अन्य उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा कि इन उत्पादों को सुव्यवस्थित विपणन प्राप्त हो जाने से एक सुरुचिपूर्ण विकास देखने को मिलेगा।

राज्यपाल ने ग्राम प्रधानों को आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ जुड़कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों को दिलवाने, गांव के प्रत्येक शिशु को शिक्षा हेतु आंगनवाड़ी भेजने, सभी सरकारी योजनाओं का लाभ गॉव के लाभार्थियों को दिलवाने में सक्रिय सहयोग करने को कहा। उन्होंने अपने सम्बोधन में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीका लगवाने, क्षय रोगियों को गोद लेने, जल संरक्षण करने के साथ-साथ महिला स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की भी विशेष चर्चा की।

राज्यपाल ने इस अवसर पर रमनगरा क्षेत्र की संस्कृति प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में विशेष चूल्हा, चटाई बुनाई, बांस की डलिया की बुनाई, विशेष कंडा बनाने की कला का प्रदर्शन किया गया था। उन्होंने आर्गेनिक खेती की विभिन्न प्रकार की सब्जियों के लगे स्टॉलों एवं बंगाली बुनकरों द्वारा बनाई गई चटाई को भी देखा और महिला कृषकों द्वारा उत्पादित की गई सब्जियों की प्रशंसा की।

इसी क्रम में किसानों से भेंट वार्ता के दौरान राज्यपाल ने उनके उत्पादों की जानकारी ली और जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। सब्जी उत्पादन से जुड़े किसानों से राज्यपाल ने सब्जी के पोषक तत्वों पर चर्चा करते करते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका को विकसित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सब्जियों के उत्पादन में किसी भी प्रकार की रसायनिक खाद व दवाओं का प्रयोग न करें और आर्गेनिक खेती पर जोर दिया जाये। सब्जियों के उत्पादन में कम्पोस्ट व गोबर की खाद का प्रयोग करें, जिससे कि सभी को शुद्ध सब्जियां प्राप्त हो सके।

### भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर 'कार्यकर्ता जोड़ो' पर काम करना होगा : नसीमुद्दीन सिद्दीकी

**बांदा।** प्रदेश के पूर्व मंत्री व कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह आज पार्टी के नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। ठीक उसी तरह हमें भी कार्यकर्ता जोड़ो अभियान में जुटना है ताकि पार्टी मजबूत हो। उन्होंने कहा कि आज हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर चल रहे हैं। हमें उनसे हौसला प्राप्त करते हुए भारत जोड़ो यात्रा कार्यकर्ता जोड़ों यात्रा पर काम करना है। हमें गांवों में कार्यकर्ता जोड़ने हैं। स्थानीय नगर निगम चुनाव हमारे सामने हैं। निकाय चुनाव में हमें मेहनत से कामयाबी हासिल करना है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के भतीजे ने की आत्महत्या, घर में फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** लखनऊ में दुबग्गा के बेगरिया में स्थित रियल एस्टेट कारोबारी केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के भतीजे नंद किशोर (47) ने बुधवार फांसी लगाकर जान दे दी। उनका शव कमरे में पंखे के सहारे लटकता हुआ मिला। उनके बेटे विशाल के मुताबिक वह कुछ दिनों से परेशान चल रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। उनका शव कमरे में पंखे के सहारे लटकता हुआ मिला। उनके बेटे विशाल के मुताबिक वह कुछ दिनों से परेशान चल रहे थे।

प्रभारी निरीक्षक सुखवीर सिंह भदौरिया के मुताबिक रियल एस्टेट कारोबारी नंद किशोर बुधवार को अपने कमरे में लेटे हुए थे। मृतक के भाई अजय रावत ने बताया कि नंद किशोर का कमरा अंदर से बंद था और कई बार आवाज देने पर भी नहीं खुल रहा था। इस पर पुलिस को सूचना दी। बाद में कमरे में पंखे के सहारे उनका शव लटकता मिला।

मृतक ने दो शादी की थी। एक पत्नी मुस्लिम समुदाय और दूसरी हिन्दू समुदाय से है। दोनों पत्नियों से बच्चे हैं। पहली पत्नी शकीला से दो बच्चे अफजल व साहिल दूसरी पत्नी से बेटा विशाल और आदर्श बेटी अंशिका,सिखा हैं।

## मुक्त विवि में किन्नर करेंगे नृत्य, सोहर, संगीत के कार्यक्रम : महामंडलेश्वर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज और किन्नर कल्याण बोर्ड मिलकर किन्नरों के सामाजिक उत्थान के लिए व्यावसायिक एवं उच्च शिक्षा में दीक्षित करेगा। इस सम्बंध में बुधवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि की कुलपति प्रो. सीमा सिंह और किन्नर कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश की सदस्य दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी टीना मां के साथ एक बैठक में कार्य योजना तय की गई।

उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि में किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन में अंधकार है। मुक्त विवि ने किन्नरों को मुफ्त शिक्षा देने की जो मुहिम प्रारंभ की है, वह बहुत सराहनीय है। इससे किन्नर समाज को एक नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे किन्नर समाज को मुक्त विवि के शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराएंगी। इसके लिए किन्नर कल्याण बोर्ड की तरफ से किन्नर समुदाय की सूची तैयार करवाई जा रही है,जिसके उपरांत ही प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजर्षि टंडन मुक्त विवि के विभिन्न कार्यक्रमों में किन्नर समुदाय भी सोहर, नृत्य, संगीत के माध्यम से समाज में जागरूकता लाएगा।

कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी का विश्वविद्यालय में स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम से स्वागत किया। कुलपति ने टीना मां को विश्वविद्यालय की प्रवेश विवरणिका तथा अन्य अध्ययन सामग्री प्रदान की।

## इंदौर की तर्ज पर स्वच्छ और व्यवस्थित होंगे उत्तर प्रदेश के शहर

- सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर टीम यूपी ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल का किया अवलोकन
- इंदौर के ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट का किया दौरा
- इंदौर के मॉडल को उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों पर लागू करने के लिए बनेगी रणनीति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक शहर, गांव और कस्बे को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में जुटी है। इस कड़ी में प्रदेश के आला अधिकारी दूसरे राज्यों के उन शहरों का गहन निरीक्षण कर रहे हैं, जो स्वच्छता रैंकिंग में लगातार टॉप पर बने हुए हैं। खासकर मध्य प्रदेश का इंदौर शहर, जो स्वच्छता के मामले में लगातार शीर्ष पर रहा है।

इंदौर के मॉडल को यूपी के शहरों पर कैसे लागू किया जाए, कूड़े का निस्तारीकरण कैसे हो, पर्यावरण को कैसे बचाया जाए समेत तमाम चीजों को जानने के लिए उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों की एक टीम ने बीते शनिवार और रविवार को इंदौर के स्वच्छता मॉडल का अवलोकन किया। इस दौरान टीम ने ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट का भी अवलोकन किया। स्वयं मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी इंदौर जाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित बायो सीएनजी प्लांट को देखा है। माना जा रहा है कि इंदौर की तर्ज पर ही जल्द उत्तर प्रदेश के शहरों को भी संवारा जाएगा और प्रदेश को स्वच्छ बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा, ताकि स्वच्छता रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के शहरों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सके।

**सफाई व्यवस्था के निरीक्षण पर रहा फोकस**

इंदौर में उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों का दल दो दिवसीय दौरे पर सफाई व्यवस्था के साथ बायो सीएनजी प्लांट को देखने के लिए गया था। उत्तर प्रदेश के स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक नेहा शर्मा सहित मथुरा-वृंदावन, झांसी, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, फरुर्खाबाद, कुशीनगर, इकदिल नगर, मुरादाबाद, गोरखपुर के नगरीय निकायों के 13 प्रतिनिधि इस टीम में शामिल रहे। बीते शनिवार को इस टीम ने बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया। वहीं, रविवार को टीम के सदस्यों ने निगम की वर्कशाप व सिटी बस ऑफिस में कंट्रोल कमांड सेंटर देखा। सिटी बस आफिस में निगम के अफसरों ने प्रजेंटेशन के माध्यम से उन्हें विगत छह साल में सफाई के लिए किए कार्यों के बारे में बताया। उत्तर प्रदेश के अफसरों ने इंदौर निगम के अफसरों से पूछा कि उन्होंने इंदौर शहर में स्पाट फाइन व कचरा संग्रहण शुल्क को कैसे वसूला। निगम के अफसरों ने उन्हें बताया कि हमने पहले शहर में कचरा संग्रहण शुल्क तय किया। इसके पहले डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन वार्ड में समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया। अफसरों ने पूछा कि यदि कोई स्पाट फाइन न दे तो क्या होगा। निगम के अफसरों ने बताया कि लगातार गलती करने पर निगम संबंधित के भवन निर्माण की नपती कर उस पर कार्रवाई करता है।

**मुख्य सचिव ने भी समझी प्लांट की कार्यप्रणाली**

दूसरी तरफ, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र ने भी रविवार को ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया। प्लांट में दो घंटे रुककर उन्होंने यहां की कार्यप्रणाली को समझा। उत्तर प्रदेश के शहरों में नगर निकायों के माध्यम से 300 से 400 टन गीले कचरे से बायो सीएनजी वाले प्लांट तैयार किए जाने की योजना है। ट्रेंचिंग ग्राउंड पर इंदौर की निगमायुक्त प्रतिभा पाल व प्लांट संचालन कंपनी इंदौर क्लीन एनर्जी के संचालक दीपक अग्रवाल ने उनसे मुलाकात की। बैठक में उन्होंने प्रजेंटेशन भी दिया। इसमें उन्हें बताया गया कि इंदौर में 500 टन गीले कचरे से 17 हजार किलो बायो सीएनजी तैयार करने वाला प्लांट लगाया गया है। इसके निर्माण की लागत पांच साल में ही निकल जाएगी। इस दौरान मुख्य सचिव राजवाड़ा के पास स्थित गोपाल मंदिर भी गए। यहां पर उन्हें बताया गया कि किस तरह स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। मुख्य सचिव के साथ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के चेयरपर्सन आदर्श गोयल व अन्य दो सदस्यों ने भी बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया।

**प्रदेश में रिसोर्स पर्सन बनेंगे टीम के सदस्य**

मुख्य सचिव ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैंने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में विख्यात मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में 500 मीट्रिक टन गीले कूड़े से 17 टन बायो सीएनजी बनाने वाले प्लांट का अवलोकन किया। इस प्लांट से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। टीम उत्तर प्रदेश ने इंदौर की स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं को फील्ड में जाकर बहुत ही गहनता से देखा, लोगों से चर्चा की और नजदीक से समझा। ये अधिकारी अपनी नगर निकाय, क्षेत्रीय नगर निकायों व प्रदेश स्तर पर रिसोर्स पर्सन बनेंगे।

# भारत की तरफ से ऑस्कर पहुंची 'छेलो शो' अब ओटीटी पर होगी रिलीज

गुजराती फिल्म छेलो शो सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर रिलीज हो रही है। 2023 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी से पहले ही दर्शक इस फिल्म को अपने फोन में देख सकेंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह फिल्म 25 नवंबर से हिंदी और गुजराती भाषाओं में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। बता दें कि गुजराती फिल्म छेलो शो ऑस्कर अवॉर्ड्स 2023 के लिए भारत की तरफ से आधिकारिक एंट्री है।




## किस बारे में है फिल्म?

इस बायोपिक में दिखाया गया है कि किस तरह एक छोटे से कस्बे के बच्चे को सिनेमा से प्यार हो जाता है। यह फिल्म इसलिए भी अहम है क्योंकि जब भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए यह आधिकारिक तौर पर चुनी गई थी तो उस वक्त इसकी तुलना इटैलियन फिल्म सिनेमा पैराडीजो से की गई थी। इसके अलावा इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली फिल्में- आरआरआर और द कश्मीर फाइल्स को भी पछाड़ा था। ऐसे में इस फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बनी हुई है। अब इस फिल्म को दर्शक 25 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। गौरतलब है कि ऑस्कर के लिए चुने जाने पर इस फिल्म की न सिर्फ इटैलियन फिल्म सिनेमा पैराडीजो से तुलना हुई थी बल्कि यह भी कहा गया था कि इसकी कहानी फिल्म से मिलती-जुलती है। फिल्म का एक पोस्टर भी सिनेमा पैराडीजो के पोस्टर से प्रेरित बताया गया था। फिल्म में भाविन रबारी, भावेश श्रीमाली, ऋचा मीणा, दीपेन रावल और परेश मेहता मुख्य भूमिकाओं में हैं और फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर 20वें ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में 10 जून 2021 को हुआ था।



# मानुषी छिल्लर

## अपने से 10 साल बड़े बिजनेसमैन को कर रही हैं डेट



मानुषी छिल्लर अब सिंगल नहीं हैं! मॉडल से अभिनेता बनीं कथित तौर पर व्यवसायी निखिल कामथ को डेट कर रही हैं। लवबर्ड्स 2021 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। एक न्यूज पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक, मानुषी और निखिल काफी समय से एक मजबूत रिलेशनशिप में हैं और साथ में रहने भी लगे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अभिनेत्री वर्तमान में अपने अभिनय करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही है और यही एक कारण है कि वह अपनी लव लाइफ के बारे में बात नहीं करना चाहती क्योंकि इससे ध्यान हट सकता है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके दोस्त और परिवार एक-दूसरे से अच्छी तरह वाकिफ हैं और दोनों इसे फिलहाल नोर्मल रखना चाहते हैं ताकि काम पर फोकस किया जा सके। 25 वर्षीय मानुषी छिल्लर व्यवसायी ज़ेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ (35) को डेट कर रही है। दोनों 2021 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों एक साथ ऋशिकेश के ट्रिप पर भी गये थे। दोनों के करीबी एक सूत्र ने कहा, फ्दोनों काफी मजबूत रिश्ते में हैं। वे साथ रहने भी लगे हैं। फिलहाल मानुषी अपने बॉलीवुड करियर पर फोकस करना चाहती हैं क्योंकि उनका करियर अभी शुरू हुआ हैं। उनकी पहली फिल्म पृथ्वीराज भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर सकी। ऐसे में वह अपनी लव लाइफ को ज्यादा फोकस न करके अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हैं। उनके दोस्त और परिवार एक-दूसरे से अच्छी तरह वाकिफ हैं और दोनों इसे कम महत्वपूर्ण रखना चाहते हैं। जो लोग अनजान हैं, उनके लिए कामथ ने 18 अप्रैल, 2019 को फ्लोरेंस, इटली में अमांडा पूर्वांकरा के साथ अंतरंग विवाह किया था। एक साल के भीतर ही दोनों अलग हो गए। दोनों का 2021 में तलाक हो गया था। वहीं छिल्लर साल 2017 से ही सुर्खियों में हैं, हालांकि एक बार भी किसी के साथ डेटिंग की खबरें सुर्खियों में नहीं आई हैं. उन्होंने इस साल की शुरुआत में सम्राट पृथ्वीराज के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की, जहां उन्होंने अक्षय कुमार के साथ संयोगिता की भूमिका निभाई। बार-बार कोशिश करने के बावजूद छिल्लर और उनकी टीम ने हमारे सवाल का जवाब नहीं दिया। कामथ की टीम ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# गुस्से से आगबबूला हुईं भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह

भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह खूब लोकप्रिय हैं। वह उन अभिनेत्रियों में है जो स्टेज शो के दौरान भी काफी सुपरहिट हैं। अक्षरा सिंह शानदार ठुमके तो लगाती ही हैं, साथ ही साथ अच्छा गाना भी गाती हैं। जिसकी वजह से स्टेज प्रोग्राम के लिए उनकी मांग काफी ज्यादा हो गई है। इन सब के बीच एक सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें अक्षरा सिंह एक शख्स पर बुरी तरीके से भड़कती हुई नजर आ रही हैं। अक्षरा सिंह के इस गुस्से का कारण यह है कि वह शख्स अक्षरा पर पैसे लुटाने की गलती कर बैठता है। उस वक्त अक्षरा सिंह स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस दे रही थीं। बताया जा रहा है कि उस शख्स से बदतमीजी को देखते हुए अक्षरा सिंह शो को अधूरा छोड़ कर ही चली जाती हैं। वह जब स्टेज पर गाना गा रही थीं, तभी वह शख्स आता है। वह एक्ट्रेस के ऊपर नोटों की बारिश करने लगता है। नोटों की गड्डिया उड़ाता है। लेकिन अक्षरा सिंह इसके बाद गुस्से से लाल पीली हो जाती हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। अक्षरा सिंह के चेहरे पर गुस्सा साफ तौर पर देखा जा सकता है। उनके जाने से ऑडियंस भी काफी निराश हो गई। अक्षरा सिंह इस तरह की घटनाओं पर लगातार निराशा व्यक्त करती रही हैं। एक बार फिर से वह इस तरह की घटना पर गुस्से में आ गई। अक्षरा सिंह भोजपुरी की काफी मशहूर अभिनेत्री हैं। उनकी जोड़ी खेसारी लाल यादव और पवन सिंह के साथ काफी मशहूर रही। पवन सिंह और उनके बीच रिश्ते को लेकर भी सुर्खियां रही। हालांकि अब दोनों एक दूसरे पर वार करने का मौका भी नहीं छोड़ते हैं। हाल में ही अक्षरा सिंह को लेकर एक बड़ी खबर आई थी। उनके घर के बाहर फरारी के पोस्टर चिपका दिए गए थे। हालांकि, अब अक्षरा सिंह को मुन्ना शुक्ला डांस पार्टी मामले में जमानत मिल चुकी है। एक्ट्रेस का पीछा करते-करते पुलिस मुंबई भी पहुंच चुकी थी।



# तापसी पन्नू की एक और फिल्म सीधे ओटीटी पर

बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू के लिए यह साल कुछ खास नहीं रहा है। इस साल आई अभिनेत्री की फिल्म शब्बास मिट्ठू और दोबारा दोनों ही फ्लॉप साबित हुई थी। वहीं, अब तापसी की फिल्म ब्लर सीधे ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर फिल्म का मोशन पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। जी स्टूडियोज और आउटसाइडर्स फिल्म्स और एखेलन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित ब्लर एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है, जिसमें तापसी पन्नू और गुलशन देवैया मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

तापसी पन्नू ने फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, जो नजर आता है उससे कहीं अधिक हमेशा रहता है। अजय बहल और पवन सोनी द्वारा लिखित ब्लर की कहानी एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है और उसके संघर्षों का अनुसरण करती है। फिल्म में तापसी पन्नू गायत्री का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी जुड़वां बहन की मौत की जांच करने की कोशिश करते हुए धीरे-धीरे अपनी दृष्टि खो रही है। फिल्म में तापसी एक निर्माता के रूप में भी काम कर रही हैं। तापसी पन्नू ने कहा, थ्रिलर मेरी फिल्मोग्राफी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और ब्लर एक ऐसी स्क्रिप्ट थी, जो मुझे पसंद आई इसलिए जब विशाल ने इस प्रोजेक्ट के लिए मुझसे संपर्क किया तो मैंने तुरंत हां कर दी। लगभग आधी फिल्म को ब्लाइंड फोल्ड करके शूट करने के बाद मैं बहुत सारी यादें और असली चोटें घर वापस ले जा रही हूं, जिसने मुझे स्पष्ट दृष्टि को और भी अधिक महत्व दिया। सेक्शन 375 के बाद मैं वास्तव में अजय सर के साथ काम करने के लिए उत्सुक थी। निर्माता प्रांजल खांडिया ने कहा, तापसी के लिए ब्लर एक स्पेशल फिल्म है और वादा करते हैं कि दर्शकों को ऐसे देखने का अनुभव पहले कभी नहीं हुआ होगा। बता दें कि अजय बहल द्वारा निर्देशित ब्लर का प्रीमियर हिंदी में जी5 पर 9 दिसंबर को होगा। बता दें कि तापसी पन्नू शाहरुख खान के साथ डंकी में भी नजर आने वाली हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

# 'हनुमान' का टीजर रिलीज

तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक-स्क्रीन राइटर प्रशांत वर्मा एक बार फिर हनुमान के रूप में एक शानदार फिल्म लेकर आ रहे हैं। आज इस फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है, जो काफी जबरदस्त है। फिल्म के वीएफएक्स कमाल के हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स जमकर टीजर की तारीफ कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि हनुमान का टीजर जारी होते ही एक बार फिर सोशल मीडिया पर प्रभास की आदिपुरुष की चर्चा शुरू हो गई है। दरअसल, यूजर्स हनुमान की तुलना आदिपुरुष से कर रहे हैं।

हनुमान का टीजर रोंगटे खड़े कर देने वाला है। टीजर की शुरुआत में मंत्रोच्चारण सुनाई देते हैं। राम के नाम की गूंज होती है और स्क्रीन पर भगवान हनुमान की एक विशाल मूर्ति नजर आती है। बैकग्राउंड से आवाज आती है, अथांग महासागर के गर्भ में तीनों लोक में, सबसे बलशाली महावीर हनुमान का रक्तरदन सहस्त्र वर्षों से प्रतीक्षा में है। इसके बाद हाथ में गदा थामे एक्टर तेजा सज्जा की एंट्री धांसू अंदाज में होती है। टीजर में बर्फ से बनी शिवलिंग दिखाई गई है, जिसमें भगवान हनुमान की झलक है। बैकग्राउंड से भगवान राम के नाम की पुकार सुनाई देती है। बता दें कि मूल रूप से तेलुगू में बनी इस फिल्म को पैन इंडिया तौर पर देखा जा सकता है। फिल्म का टीजर हिंदी में भी जारी किया गया है। टीजर जारी होने के साथ ही सोशल मीडिया पर एक बार फिर आदिपुरुष पर चर्चा छिड़ गई है। यूजर्स हनुमान के टीजर को आदिपुरुष से अच्छे नंबर देते नजर आ रहे हैं। यूजर्स का दावा है कि हनुमान बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाली है।

बता दें कि फिल्म हनुमान में तेजा सज्जा, अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथकुमार अहम रोल में नजर आएंगे। इनके अलावा राज दीपल शेट्टी, विनय राय, सत्या जैसे सितारें भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन प्रशांत वर्मा ने किया है। इसको निरंजन रेड्डी प्रोड्यूसर कर रहे हैं। इस फिल्म के टीजर ने धूम मचा दी है। फैंस को अब इसके ट्रेलर का इंतजार है।



## एक नजर

### पेले ने वेह को विश्व कप में गोल करने पर बधाई दी

**दोहा।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने अमेरिका के फारवर्ड टिमोथी वेह को विश्वकप में वेल्स के खिलाफ गोल करने पर बधाई दी। वेह ने सोमवार का खेले गए मैच में 36वें मिनट में गोल किया। इस तरह से वह वेल्स के खिलाफ विश्वकप में गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले पेले ने 1958 में वेल्स के खिलाफ गोल किया था। तब पेले 17 साल के थे। वेल्स ने इससे पहले आखिरी बार 1958 में विश्वकप में हिस्सा लिया। अमेरिका ने वेह के गोल की मदद से वेल्स के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। वेह ने गोल करने के बाद जश्न मनाने की अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। पेले ने उनकी इस पोस्ट पर ही टिप्पणी की थी। इस महान फुटबॉलर ने कहा, बधाई। यह खूबसूरत गोल था। सपना देखना जारी रखो सपने सच होते हैं। वेह ने इस पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा, फुटबॉल के बादशाह से इस तरह का प्रेरणादाई संदेश मिलना आशीर्वाद और सम्मान है।

### नीदरलैंड को हराकर ऑस्ट्रेलिया डेविस कप सेमीफाइनल में

**मलागा।** एलेक्स डी मिनौर और जॉर्डन थॉम्पसन अपने एकल मैच जीते जिससे ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को हराकर 2017 के बाद पहली बार डेविस कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डी मिनौर ने दूसरे एकल मैच में बोटिक वैन डे जैंडस्चुलप को 5-7, 6-3, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से अजेय बढ़त दिलाई। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला स्पेन या क्रोएशिया से होगा। इससे पहले जॉर्डन थॉम्पसन ने टालोन ग्रिक्सपुर को 4-6, 7-5, 6-3 से हराकर ऑस्ट्रेलिया को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। ऑस्ट्रेलिया डेविस कप में सबसे सफल टीमों में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक 28 खिताब जीते हैं लेकिन आखिरी बार वह 2003 में खिताब जीत पाया था।

### इंटरनेशनल लीग टी20 का आयोजन 13 जनवरी से

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) का पहला टूर्नामेंट 13 जनवरी से दुबई में खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार इस टूर्नामेंट का फाइनल 12 फरवरी को हो सकता है। यह छह टीम का टूर्नामेंट है जिसमें कुल 34 मैचों के खेले जाने की संभावना है। इसमें प्रत्एक टीम दूसरी टीम से दो बार खेलेगी और उसके बाद चार प्लेऑफ मैच होंगे। इस लीग में सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, ट्रेंट बोल्ट, एलेक्स हेल्स, मोईन अली, वानिन्दु हसरंगा, मुजीब उर रहमान और सिकंदर रजा जैसे क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। आईएल टी20 की अधिकतर फ्रेंचाइजी

## उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप मैच में सुरक्षा मास्क पहनकर उतर सकते हैं कोरिया के सोन

**एजेंसी ■ दोहा**

दक्षिण कोरिया विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एच के अपने पहले मैच में गुरुवार को जब उरूग्वे का सामना करने के लिए उतरेगा तो निगाहें उसके स्टार स्ट्राइकर सेन ह्यूंग मिन पर टिकी रहेंगी जो कि सुरक्षा मास्क पहनकर मैदान पर उतर सकते हैं। सोन ने अभी तक 104 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 35 गोल किए हैं लेकिन इस स्ट्राइकर ने दो नवंबर के बाद कोई मैच नहीं खेला है क्योंकि चैंपियंस लीग के एक मैच में मार्सेली के चानसेल मबेंबा से टकराने के कारण उनकी बांई आंख के पास फ्रैक्चर हो गया था। पिछले सत्र में प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे सोन ने कहा कि वह सुरक्षा मास्क पहनकर उतर सकते हैं लेकिन उन्हें इस को लेकर चिंता है कि यह कितना प्रभावी हो सकता है तथा इसे पहनकर खेलने से क्या खतरे हो सकते हैं। उन्होंने कतर पहुंचने के बाद मास्क पहनकर ही अभ्यास सत्रों में भाग लिया है। दक्षिण कोरिया की अग्रिम पंक्ति सोन की तेजी, उनके दोनों पांव से शॉट मारने की क्षमता और उनकी सटीकता पर टिकी रहेगी।

## कप्तान के रूप में परिपक्व हो गया हूं, कड़े फैसले ले सकता हूं: धवन

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



शिखर धवन के लिए हिचकिचाहट और फैसले लेने में अनिश्चितता अब बीती बात हो गई है और वह कप्तान के रूप में ऐसे निर्णय करने में नहीं हिचकिचाते हैं जो किसी खिलाड़ी को भले ही अच्छा न लगे लेकिन उससे टीम को फायदा पहुंचता है। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में भारतीय टीम की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। यह पहला अवसर नहीं है जबकि धवन टीम की कप्तानी करेंगे। इससे पहले भी वह कुछ अवसरों पर भारत की दूसरी श्रेणी की टीम की अगुवाई कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने श्रीलंका (2-1), दक्षिण अफ्रीका (2-1) और वेस्टइंडीज (3-0) के खिलाफ जीत दर्ज की थी। दिल्ली के इस बल्लेबाज ने कहा कि समय के साथ उनकी निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हुआ है। धवन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, आप जितना अधिक खेलते हैं, आप अपने फैसलों को लेकर उतने अधिक आश्वस्त रहते हैं। इससे पहले ऐसे भी मौके आते थे जबकि मैं किसी गेंदबाज के प्रति सम्मान दिखाते हुए उसे अतिरिक्त ओवर दे देता था लेकिन अब मैं परिपक्व हो गया हूं और अगर किसी को बुरा भी लगे तब भी मैं वह फैसला करूंगा जिससे टीम को फायदा पहुंचे। नेतृत्व कौशल को लेकर आगे बात करते हुए धवन ने कहा कि संतुलन बनाए रखना और खिलाड़ियों का भरोसा जीतना महत्वपूर्ण होता है। वह बमुश्किल ही दबाव महसूस करते हैं और अपने आसपास का माहौल खुशनुमा रखते हैं। धवन ने कहा, जब आप किसी तार वाले वाद्य यंत्र पर संगीत बजाते हैं तो यदि तार बहुत ढीला है तो उसका स्वर अच्छा नहीं आएगा या यदि तार बहुत कसा गया है तो वह टूट जाएगा। इसलिए यह संतुलन पैदा करने से जुड़ा हुआ है। कप्तान के रूप में संतुलन पैदा करना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, आपको यह पता होना चाहिए कि कब तार को कसना है और कब उसे थोड़ा ढीला छोड़ना है। यह समय पर निर्भर करता है। इस स्तर पर मैं यह भी समझ गया हूं कब खिलाड़ियों से कैसी बात करनी है और कितनी बात करनी है। उन्होंने कहा, अगर किसी गेंदबाज की गेंद पर शॉट लगता है तो यह जानना महत्वपूर्ण होता है कि उससे कब बात करनी है।

# गिरोड, एमबापे ने दिलाई फ्रांस को ऑस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत



**एजेंसी ■ अल वकराह (कतर)**

ओलिवियर गिरोड और काइलन एमबापे के शानदार प्रदर्शन से फ्रांस ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान का जोरदार आगाज किया। करीम बेनजेमा की अनुपस्थिति में एमबापे ने एक गोल किया जबकि गिरोड के दो गोल में से एक गोल करने में मदद की। गिरोड ने 71वें मिनट में एमबापे के क्रॉस पर हैडर से गोल करके थियरे हेनरी के 51 गोल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। गिरोड पिछले विश्व कप में गोल करने में नाकाम रहे थे लेकिन उन्होंने 2014 में गोल किया था। फ्रांस जब शनिवार को डेनमार्क का सामना करेगा तो उनके पास हेनरी के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका होगा। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा, यह केवल रिकॉर्ड का पीछा करने से नहीं जुड़ा है लेकिन मैदान पर उनके प्रदर्शन से जुड़ा है। वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। गिरोड के इस गोल से तीन मिनट पहले एमबापे ने ओस्मान डेम्बेले के क्रॉस पर गोल किया था। इससे पहले क्रेग गुडविन ने नौवें मिनट में ही गोल करके फ्रांस के समर्थकों को सकते में डाल दिया था। एड्रियन रैबियोट ने 27वें मिनट में गोल करके फ्रांस को बराबरी दिलाई थी। रैबियोट ने इसके चार मिनट बाद गिरोड के पहले गोल में मदद की।

### फ्रांस के लुकास हर्नांडिज चोटिल होने के कारण विश्वकप से बाहर



**दोहा।** फ्रांस की 2018 की विश्व कप विजेता टीम के एक अन्य सदस्य लुकास हर्नांडिज चोटिल होने के कारण वर्तमान टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनका इस सत्र में आगे खेलने की भी संभावना नहीं है। चार साल पहले फ्रांस को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले हर्नांडिज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को अपनी टीम के पहले मैच के दौरान केवल आठ मिनट ही मैदान पर रहे और दाहिने घुटने की चोट के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ा। फ्रांसीसी फुटबॉल महासंघ के बयान में कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा, हमने एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी गंवा दिया है। लुकास कभी हार नहीं मानने वाला खिलाड़ी है। लग रहा था की हर्नांडिज का दाहिना घुटना मुड़ गया है जिसके कारण उन्हें तुरंत ही मैदान छोड़ना पड़ा। फ्रांस ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। फ्रांस की टीम पिछले कुछ समय से चोटों की समस्या से जूझ रही है। पॉल पोग्बा और एनगोलो कांटे टीम चयन से पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। टीम के स्टार स्ट्राइकर करीम बेंजेमा और क्रिस्टोफर नकुंकू तथा सेंट्रल मिडफील्डर राफेल वर्ने चोटिल होने के कारण पिछले सप्ताह टीम से बाहर हो गए थे।

## पुर्तगाल और घाना के मैच में रोनाल्डो पर टिकी रहेंगी निगाहें



**एजेंसी ■ दोहा**

▶▶ पुर्तगाल का सामना पहले मैच में ही उस टीम घाना से है जो कि विश्व कप में भाग ले रही सबसे कम रैंकिंग की टीम है।

पुर्तगाल और घाना के बीच गुरुवार को यहां होने वाले मैच में सभी की निगाहें स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर टिकी होंगी जो कि अपना पांचवां और संभवतः अंतिम विश्वकप खेल रहे हैं। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार से बिना क्लब का है क्योंकि मैनचेस्टर यूनाइटेड ने उनका अनुबंध रद्द कर दिया है। रोनाल्डो ने यूनाइटेड के कोच एरिक टेन हैग, क्लब के मालिक और साथी खिलाड़ियों की आलोचना की थी। रोनाल्डो के पास क्लब स्तर पर अभी कोई टीम नहीं है और ऐसे में विश्वकप में उनका प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह दिग्गज खिलाड़ी भविष्य में किस टीम से जुड़ेगा। पांच बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का चरम संभवतः बीत चुका है लेकिन जब वह अपने रंग में होते हैं तो फिर उनके सामने कोई भी टीम नहीं टिक पाती है। रोनाल्डो ने यूनाइटेड से आपसी सहमति से नाता तोड़ने से पहले कहा था कि पुर्तगाल की तरफ से विश्वकप अभियान के दौरान उनके क्लब से जुड़े मसले उन्हें प्रभावित नहीं करेंगे। रोनाल्डो अभी तक विश्वकप नहीं जीत पाए हैं और पहली बार ट्रॉफी हासिल करना ही इस विश्वकप में उनके लिए प्रेरणा होगी। इसके अलावा किसी नए क्लब को आकर्षित करना उनके लिए बोनस जैसा होगा। पुर्तगाल का सामना पहले मैच में ही उस टीम घाना से है जो कि विश्व कप में भाग ले रही सबसे कम रैंकिंग की टीम है लेकिन उसे छुपा रुस्तम माना जा रहा है। घाना की विश्व रैंकिंग 61 है। इस ग्रुप में उरूग्वे और दक्षिण कोरिया जैसी उलटफेर करने में सक्षम टीमें भी हैं। इसके अलावा सऊदी अरब ने लियोनेल मेसी की अगुवाई वाले अर्जेंटीना को हराकर कमजोर टीमों को यह संदेश दे दिया है कि विश्वकप में कुछ भी असंभव नहीं है और वे अपने दिन पर उलटफेर कर सकती हैं। घाना के पास थामस पार्टे और मोहम्मद कुदुस जैसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यूरोपीय क्लबों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पुर्तगाल को इन खिलाड़ियों से सतर्क रहना होगा।

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से जुड़ी याचिका पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से जुड़ी एक याचिका और खेल निकाय के मसौदा संविधान से संबंधित आपत्तियों पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने एआईएफएफ की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन की इस दलील का भी संज्ञान लिया कि खेल निकाय को कुछ जरूरी दिशा-निर्देशों की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने रामचंद्रन से कहा, हम इस मामले पर छह दिसंबर को सुनवाई करेंगे। इससे पहले, पीठ ने कहा था कि फुटबॉल को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उसने लोगों से राष्ट्रीय खेल महासंघ के संविधान के मसौदे पर न्याय मित्र को सुझाव देने का आग्रह करते हुए कहा था, हम फुटबॉल को आगे बढ़ाने की कोशिश को छोड़कर बाकी सब कुछ कर रहे हैं। पीठ ने न्याय मित्र के रूप में उसकी सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से नौ नवंबर को आपत्तियों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा था, ताकि संविधान के मसौदे को अंतिम रूप दिया जा सके। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ के मामलों के प्रबंधन के लिए मई में नियुक्त प्रशासकों की तीन सदस्ईय समिति के आदेश को रद्द करने का निर्देश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ फीफा द्वारा एआईएफएफ के खिलाफ लागू निलंबन को रद्द करने और भारत में अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 के आयोजन में सहायता के लिए अपने पहले के आदेशों को संशोधित कर रहा है।

## शॉर्ट न्यूज

### न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मार्टिन गुप्टिल को केंद्रीय अनुबंध से मुक्त किया

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अनुभवी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल को अपने केंद्रीय अनुबंध से मुक्त कर दिया जिससे इस क्रिकेटर के पास अब विदेशों में खेलने का मौका होगा। गुप्टिल हाल में सीमित ओवरों की टीम में जगह नहीं बना पाए थे। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी तीसरा ऐसा क्रिकेटर है जिसे केंद्रीय अनुबंध से मुक्त किया गया। उनसे पहले ट्रेंट बौल्ट और कोलिन डी ग्रैंडहोम को भी न्यूजीलैंड क्रिकेट ने केंद्रीय अनुबंध से मुक्त किया था। इन तीनों खिलाड़ियों ने विदेशी टी20 लीग में अवसर तलाशने के लिए यह फैसला किया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने बुधवार को कहा, हम मार्टिन की स्थिति को जानते हैं। वह पिछले लंबे समय से हमारे बेहतरीन बल्लेबाज रहे। वह अब अन्य अवसरों को तलाशना चाहते हैं और हम उनकी राह में रोड़ा नहीं बनना चाहते हैं। गुप्टिल अभी न्यूजीलैंड की तरफ से टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं जबकि वनडे में वह तीसरे स्थान पर काबिज हैं। गुप्टिल ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3500 जबकि वनडे में 7346 रन बनाए हैं।उन्हें भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम में नहीं चुना गया था। भारत ने तीन मैच की यह श्रृंखला 1-0 से जीती।

### लैंगर ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के कुछ खिलाड़ियों को कायर करार दिया

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर ने राष्ट्रीय टीम के कुछ खिलाड़ियों को कायर करार देते हुए कहा कि ए खिलाड़ी उनके सामने अच्छा व्यवहार करते थे लेकिन पीठ पीछे ड्रेसिंग रूम की बातों को बाहर लीक करते थे। ऑस्ट्रेलिया को घरेलू धरती पर एशेज में 4-0 से जीत और पिछले साल टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले को 52 वर्षीय लैंगर ने इस साल फरवरी में मुख्य कोच पद छोड़ दिया था क्योंकि क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उनके अनुबंध को लंबे समय तक बढ़ाने से इंकार कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया के सीनियर खिलाड़ियों जैसे आरोन फिंच, पैट कमिंस और पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने लैंगर की कोचिंग शैली की आलोचना की थी। न्यूज़ कॉर्प मीडिया के अनुसार लैंगर ने कहा, मेरे सामने सभी अच्छा व्यवहार करते थे, लेकिन मैं अखबारों में और ही कुछ पढ़ रहा था। मैं ईश्वर और अपने बच्चों की सौगंध खाता हूं कि समाचार पत्र जो कुछ लिख रहे थे उस पर मुझे विश्वास नहीं हो पा रहा था। कई पत्रकार सूत्रों का हवाला दे रहे थे। मैं कहूंगा कि इस शब्द को बदल कर कायर कर दें। उन्होंने कहा, क्योंकि सूत्रों ने कहा का क्या मतलब है। या तो वे किसी से बदला चुकता करने के लिए ऐसा कर रहे हैं और आपके सामने कहने से डर रहे हैं या फिर वह अपना एजेंडा आगे ले जाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। मुझे इन सब चीजों से नफरत है। टी20 विश्वकप से पहले लैंगर की कोचिंग शैली के कारण ड्रेसिंग रूम में असंतोष की कई रिपोर्ट सामने आई थी।

### युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: भारत के चार और मुक्केबाजों ने पक्के किए पदक



**नई दिल्ली।** मुस्कान और तमन्ना समेत चार भारतीय मुक्केबाजों ने स्पेन के ला नुसिया में जारी पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 11 हो गई। युवा एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कीर्ति (81 किग्रा से अधिक) और देविका घोरपडे (52 किग्रा) अन्य दो मुक्केबाज हैं जिन्होंने अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की की। इन चार पदकों के साथ भारत ने पिछले सत्र में पोलैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 पदक की बराबरी कर ली। तमन्ना ने भारत के लिए दिन की शुरुआत आक्रामक अंदाज में करते हुए महिलाओं की 50 किग्रा क्वार्टर फाइनल में सर्वसम्मत निर्णय से जापान की जूनी टोनेगावा को मात दी। देविका ने जर्मनी की अस्या अरी के खिलाफ 5-0 से आसान जीत दर्ज की। मुस्कान (75 किग्रा) और कीर्ति अपने-अपने प्रतिद्वंदियों मंगोलिया की ज्एइनएप अजीमबाई और रोमानिया की लिविया बोटिका खिलाफ काफी मजबूत साबित हुईं। इन दोनों को बाउट शुरू होने के तीन मिनट के अंदर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट के फैसले से विजेता घोषित किया गया। इस बीच, प्रीति दहिया (57 किग्रा), रिदम (92 किग्रा से अधिक) और जादुमणि सिंह मांडेंगबाम (51 किग्रा) अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

**आईसीसी रैंकिंग:** भुवनेश्वर कुमार दो पायदान चढ़कर 11वें जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एक पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंच गए है।

# सूर्यकुमार टी20 में शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी ■ दुबई**



भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को यहां जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि हरफनमौला हार्दिक पंड्या संयुक्त 50वें स्थान पर पहुंच गए। सूर्यकुमार ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 111 रन बनाकर रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उन्होंने तीन मैचों की श्रृंखला से 31 रेटिंग अंक प्राप्त किए हैं। वह 890 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान से 54 रेटिंग अंक आगे है। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत का नेतृत्व करने वाले हार्दिक श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 30 रन बनाकर बल्लेबाजों के बीच संयुक्त 50वें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार दो पायदान चढ़कर 11वें जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एक पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। स्पिनर युजवेंद्र चहल आठ पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### एकदिवसीय में कोहली छठे स्थान पर



भारतीय दिग्गज विराट कोहली एकदिवसीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान के साथ शीर्ष भारतीय है। कप्तान रोहित शर्मा आठवें पायदान पर बरकरार है। चोटिल जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की सूची में 11वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पर 269 रन की शानदार साझेदारी के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन करने वाले स्टीव स्मिथ भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग सातवें स्थान की बराबरी करने में सफल रहे।

अध्ययन

# भारत में पांच तरह के जीवाणुओं ने 2019 में लीं 6.8 लाख जान

**शोधकर्ताओं के मुताबिक भारत में पांच जीवाणु (ई कोलाई, एस.निमोनिया, के. निमोनिया, एस. ऑरियस और ए. बाउमानी) सबसे घातक पाए गए जिनकी वजह से अकेले 2019 में 6,78,846 (करीब 6.8 लाख) लोगों की जान गई। अध्ययन के अनुसार, ई कोलाई सबसे घातक रोगजनक था जिसके चलते भारत में 2019 में 1,57,082 (1.57 लाख) लोगों की जान गई।**

भारत में 2019 में पांच प्रकार के जीवाणुओं- ई कोलाई, एस.निमोनिया, के.निमोनिया, एस. ऑरियस और ए. बाउमानी- के कारण करीब 6.8 लाख लोगों की जान गई। पत्रिका द लैंसेट द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई। विश्लेषण में पाया गया कि सामान्य जीवाणु संक्रमण 2019 में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण था, और विश्व स्तर पर हर आठ मौतों में से एक इससे संबंधित थी। शोधकर्ताओं ने कहा कि 2019 में 33 सामान्य जीवाणु संक्रमणों से संबंधित 77 लाख मौत हुईं, जिनमें अकेले पांच जीवाणु आधे से अधिक मौतों से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि सबसे घातक जीवाणु रोगजनक और संक्रमण के प्रकार स्थान और उम्र के अनुसार भिन्न होते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक भारत में पांच जीवाणु - ई कोलाई, एस.निमोनिया, के.निमोनिया, एस. ऑरियस और ए. बाउमानी- सबसे घातक पाए गए जिनकी वजह से अकेले 2019 में 6,78,846 (करीब 6.8 लाख) लोगों की जान गई। अध्ययन के अनुसार, ई कोलाई सबसे घातक रोगजनक था जिसके चलते भारत में 2019 में 1,57,082 (1.57 लाख) लोगों की जान गई।



अध्ययन में पाया गया कि वैश्विक तौर पर जीवाणु संक्रमण 2019 में मृत्यु के प्रमुख कारण के रूप में इस्केमिक हृदय रोग के बाद दूसरे स्थान पर था। शोधकर्ताओं ने कहा कि अधिक नैदानिक प्रयोगशाला क्षमता के साथ मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियों का निर्माण, नियंत्रक उपायों को लागू करना, और एंटीबायोटिक के उपयोग को अनुकूलित करना आम जीवाणु संक्रमण के कारण होने वाली बीमारी के बोझ को कम करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिसिन में इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवेलुएशन (आईएचएमई) के निदेशक और अध्ययन के सह-लेखक क्रिस्टोफर मुें ने कहा, ये नए आंकड़े पहली बार जीवाणु संक्रमण से उत्पन्न वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती की पूरी सीमा को प्रकट करते हैं।

मुर्रे ने एक बयान में कहा, इन परिणामों को वैश्विक स्वास्थ्य पहलों के रडार पर रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि इन घातक रोगजनकों का गहराई से विश्लेषण किया जा सके और मौतों व संक्रमणों की संख्या को कम करने के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। शोधकर्ताओं ने कहा कि तपेदिक, मलेरिया और एचआईवी जैसे रोगजनकों के लिए कई आकलन मौजूद हैं लेकिन अब तक, जीवाणु रोगजनकों के रोग के भार का अनुमान कुछ विशिष्ट रोगजनकों और संक्रमण के प्रकारों तक सीमित था या केवल विशिष्ट आबादी पर केंद्रित था। उन्होंने कहा कि 2019 में एचआईवी/एड्स (864,000 मौतों) की तुलना में अधिक मौतें दो सबसे घातक रोगजनकों - एस. ऑरियस और ई. कोलाई से जुड़ी थीं।

नया अध्ययन 33 सामान्य जीवाणु रोगजनकों और 11 प्रमुख संक्रमण प्रकारों से जुड़ी मृत्यु दर का पहला वैश्विक अनुमान प्रदान करता है (जिसे संक्रामक सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है) जिससे सेप्सिस से मृत्यु हो जाती है। यह आकलन 204 देशों और क्षेत्रों में सभी उम्र और लिंगों के लिए तैयार किए गए थे। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज 2019 और ग्लोबल रिसर्च ऑन एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (जीआरएएम) अध्ययनों से आंकड़ों और विधियों का उपयोग करते हुए शोधकर्ताओं ने प्रत्एक रोगजनक से जुड़ी मौतों और जिम्मेदार संक्रमण के प्रकार का अनुमान लगाने के लिए 34.3 करोड़ व्यक्तिगत रिकॉर्ड और पैथोजन आइसोलेट्स का उपयोग किया। 2019 की अनुमानित 1.37 करोड़ संक्रमण से संबंधित मौतों में से मौत के 77 लाख मामले अध्ययन वाले 33 जीवाणु रोगजनकों से जुड़े थे। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जीवाणुओं से संबंधित मौत के 77 लाख मामलों में से 75 प्रतिशत की मौत तीन सिंड्रोम - लोअर रेसपिरेटरी इंफेक्शंस (एलआरआई), ब्लडस्ट्रीम इंफेक्शंस (बीएसआई) और पेरिटोनल एंड इंट्रा एब्डोमिनल इंफेक्शंस (आईएए) - के कारण हुई।

उन्होंने कहा कि जिन जीवाणुओं का अध्ययन किया गया उनमें से पांच रोगजनक- ई कोलाई, एस.निमोनिया, के.निमोनिया, एस. ऑरियस और ए. बाउमानी- 54.2 प्रतिशत मौत के लिए जिम्मेदार थे।

उपचार

# मेलेना समेत कई रोगों से पीड़ित इराकी मरीज का पावर स्पायरल एंटेरोस्कोपी से हुआ सफल उपचार

पिछले करीब एक साल से मेलेना (इसमें काले रंग के मल में खून भी मिला होता है, जो कि आंतरिक रक्तस्राव की वजह से होता है) से पीड़ित 66-वर्षीय इराकी मरीज़ का पावर स्पायरल एंटेरोस्कोपी की मदद से, जो कि अपनी तरह की दुर्लभ प्रक्रिया है, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में सफल उपचार किया गया है। डॉ रिंकेश कुमार बंसल, एडिशनल डायरेक्टर, गैस्टेरोएंटेरोलॉजी एंड हिपेटो-बिलियरी साइंसेज़, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने हरियाणा में अपनी किस्म की इस पहली प्रक्रिया को अंजाम दिया।



जब मरीज़ को अस्पताल लाया गया तो वह काफी कमजोर था और उसकी त्वचा भी पीली दिखायी दे रही थी। जांच से पता चला कि उनकी स्पलिन बढ़ी हुई है और हिमोग्लोबिन भी कम है तथा शरीर में आयरन की मात्रा काफी घट चुकी है। मरीज़ के पेट की एमआरआई जांच से पता चला कि वह लिवर सिरोसिस की भी शिकार थीं। इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए, डॉ रिंकेश कुमार बंसल, एडिशनल डायरेक्टर, गैस्टेरोएंटेरोलॉजी एंड हिपेटो-बिलरी साइंसेज़, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने बताया, हमने मरीज़ के इलाज के लिए पावर स्पायरल एंटेरोस्कोपी का इस्तेमाल किया क्योंकि उनकी छोटी आंत में 20 असामान्य रक्तवाहिकाएं मौजूद थीं। इस प्रक्रिया ने हमें 30-45 मिनटों में ही उनकी छोटी आंत का अच्छी तरह से परीक्षण करने में मदद की और हम उसमें मौजूद घावों का भी पता लगा पाए। इस एडवांस तकनीक की मदद से हमने साथ ही साथ ऑपरेट कर सभी असामान्य रक्तवाहिकाओं को भी हटा दिया। इस प्रक्रिया का लाभ यह है कि इससे न सिर्फ समय की बचत होती है क्योंकि छोटी आंत की पूरी जांच 30 से 45 मिनटों के भीतर हो जाती है, जो कैपसूल एंडोस?कोप से 8 से 10 घंटे का समय लेती है, साथ ही, इससे एंटरोस्कोप की तुलना में कम थकान होती है, और इसके लिए सहायक की आवश्यकता भी अपेक्षाकृत कम होती है। इस प्रक्रिया से स्मूद और सेफ इंसर्शन में मदद मिलती है और आंत भी स्पष्ट दिखायी देती है। पावर स्पायरल एंटेरोस्कोपी आंतों के रोगों के निदान और उपचार में व्यापक रूप से बदलाव लायी है।

डॉ गौरदास चौधरी, चेयरमैन, गैस्टेरोएंटेरोलॉजी एंड हिपेटो-बिलरी साइंसेज़, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा, गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट्स के तौर पर हमें एंडोस्कोपी की मदद से छोटी आंत की जांच करने में हमेशा काफी कठिनाई पेश आती थी। पहले हमारे पास कैप्सूल एंडोस्कोप और एंटेरोस्कोप थे जिनकी काफी सीमाएं थीं और इनमें समय भी काफी लगता था तथा जांच भी अधूरा हो पाता था तथा सर्जरी की आवश्यकता होती थी। छोटी आंत के साथ एक समस्या यह भी है कि उसकी लंबाई करीब 5 से 6 मीटर होती है और आसपास की अन्य संरचनाओं के चलते इसके हर हिस्से तक पहुंचना एंडोस्कोपिस्ट्स के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। हमने फोर्टिस गुरुग्राम में अपने गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एवं हिपेटोबिलरी विभाग में हाल में पावर स्पायरल एंटेरोस्कोपी शुरू की है, जो कि गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एवं लिवर रोगों के इलाज के लिए अत्याधुनिक विभाग है।

वर्कशॉप

# मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की जरूरत

मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव (एमएचआई) ने मानसिक स्वास्थ्य और इसके अन्य मौजूदा सामाजिक-आर्थिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों के साथ आंतरिक संबंध पर बातचीत को मुख्य धारा में शामिल करने के उद्देश्य के साथ एक उच्च स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। मानसिक स्वास्थ्य के लिए अधिकार-आधारित, मनोसामाजिक दृष्टिकोण की जरूरत पर प्रकाश डालते हुए, कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक संकीर्ण, जैव चिकित्सा पद्धति से अलग पद्धति अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया, जो कि अधिक समावेशी और समग्र है। वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के लिए समुदाय-आधारित समाधानों के महत्व और कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक पारस्परिक दृष्टिकोण की जरूरत पर भी विस्तार से बताया।



इस कार्यक्रम में कई स्वास्थ्य पेशेवरों, कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों ने भागीदारी की। मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव की ओर से राज मारीवाला, डायरेक्टर, प्रीति श्रीधर, सीईओ और अनाम मित्तल, लीड ऑफ न्यू इनिशिएटिव ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं के रूप में डॉ. अचल भगत, मनोचिकित्सक, अपोलो हॉस्पिटल, प्रिसिला गिरी, रिसर्चर, डीएलआर प्रेरणा, जो दार्जिलिंग का एक गैर सरकारी संगठन है, जो विभिन्न सामुदायिक पहलों पर काम करता है।

मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को फिर से परिभाषित करने की जरूरत पर बोलते हुए, राज मारीवाला, डायरेक्टर, मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव ने कहा, मानसिक स्वास्थ्य एक लगातार विकसित होता मुद्दा है और इसे मौजूदा सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय परदृश्य से अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। वर्तमान में, मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा को बड़े पैमाने पर जैव-चिकित्सीय दृष्टिकोण से देखा जाता है, जबकि जरूरत मनोसामाजिक वास्तविकताओं पर ध्यान केंद्रित करने की है। मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को समुदाय के नेतृत्व में और उन व्यक्तियों द्वारा प्रदान करने की आवश्यकता है जो उन व्यक्तियों की वास्तविकताओं से अवगत हैं, जिनकी वे सेवा कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य के बहु आयामों पर मीडिया को ध्यान देने की जरूरत पर प्रकाश डालते हुए, प्रीति श्रीधर, सीईओ, मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव ने कहा, मानसिक स्वास्थ्य को एक व्यक्तिगत मुद्दे के रूप में देखने और ऐसा करना बंद करने की बहुत अधिक जरूरत है। हम में से सभी अपने संबंधित सामाजिक स्थानों से समाज का अनुभव करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को हल करना सेवाओं तक पहुंच का एक साधारण समीकरण नहीं है, बल्कि समाज में भेदभाव और असमानताओं पर सवाल उठाना है। मीडिया के लिए यह महत्वपूर्ण है कि इन मुद्दों पर रिपोर्टिंग करते समय न केवल समझदारी दिखाए, बल्कि हेल्थ सिस्टम, किफायती घरों की कमी, श्रम कानूनों और जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों को भी उजागर करे।

मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को आकार देने में मीडिया की भूमिका पर बोलते हुए, डॉ. अचल भगत, मनोचिकित्सक, अपोलो हॉस्पिटल ने कहा, जब मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते समय, जो नहीं कहा जाता है वह भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कहा जाता है। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में मिथकों भरी बातचीत से बचना चाहिए। ये हैं- मानसिक स्वास्थ्य को अक्षमता से जोड़ना, हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बीच संबंध। इसके इतर ध्यान दिया जाना चाहिए- मानसिक स्वास्थ्य समस्या आम बात है, और मदद लेना ठीक है, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए संसाधनों की कमी, प्रशिक्षित पेशेवरों की अपर्याप्त संख्या। उपचार से अपनी अपेक्षाओं को सीमित रखें। यहां कोई जादुई इलाज नहीं है, लेकिन मदद जरूर करती है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भारत में कई समूहों को प्रभावित करने वाला एक मुद्दा है, इसलिए यहां एक समुदाय-आधारित मॉडल बनाना जरूरी है।

जागरुकता

# फेफड़ों का कैंसर जानलेवा

मेदांता गुरुग्राम ने #BeatLungCancer अभियान लॉन्च किया। डॉ. अरविंद कुमार और उनकी टीम से एक दशक में इलाज कराने वाले 300 से ज्यादा फेफड़ों के कैंसर वाले मरीजों का विश्लेषण साझा किया, जिसमें जन स्वास्थ्य पर गंभीर परिणामों के रूझान सामने आए। इस अध्ययन में 304 मरीजों का विश्लेषण किया गया। क्लिनिक में पहुंचने पर उम्र, लिंग, धूम्रपान की स्थिति, निदान के वक्त बीमारी के चरण और फेफड़ों के कैंसर का प्रकार दर्ज किया गया और अन्य पैरामीटर्स के साथ उसका विश्लेषण किया गया।

## क्या कहता है अध्ययन

- अध्ययन में सामने आया कि आगामी दशक में महिलाओं में धूम्रपान न करने वाले कम उम्र के फेफड़ों के कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना है। जोखिम का यह समूह पिछले जोखिम वाले ज्यादा उम्र के पुरुष, जो तम्बाकू सेवन करते हैं, के मुकाबले काफी अलग है।
- मौजूदा रूझान प्रदर्शित करते हैं कि ज्यादातर मामलों में निदान विलंब से होने की संभावना है, जब पर्याप्त इलाज संभव नहीं हो पाता है, और फेफड़ों के कैंसर के कारण मृत्युदर बढ़ जाती है। निकट भविष्य में फेफड़ों का कैंसर एक महामारी के रूप में दिखाई दे रहा है।

## सुझाव

- जनता के बीच जागरुकता बढ़ाना

फेफड़ों का कैंसर पहले वृद्ध लोगों को प्रभावित करता था, जो धूम्रपान करते थे, पर अब इससे कोई भी प्रभावित हो सकता है। यह संदेश जनसमूह के बीच पहुँचाए जाने की जरूरत है, ताकि यदि खांसी कम नहीं हो रही है, और उसके साथ थूक में खून आ रहा है, तो इन लक्षणों को नजरंदाज नहीं करना चाहिए और उनका परीक्षण कराया जाना चाहिए। इससे समय पर निदान हो सकेगा, और बचने के आँकड़ों में सुधार हो सकेगा।

- मेडिकल समुदाय के अंदर जागरुकता बढ़ाना

फेफड़ों के कैंसर के 30 प्रतिशत मामलों का इलाज प्रारंभ में ट्यूबरक्युलोसिस के रूप में शुरू कर दिया जाता है, जिससे सही निदान करने में विलंब हो जाता है, और मरीज टर्शियरी केयर सेंटर में तब पहुँचते हैं, जब यह बीमारी विकसित रूप ले चुकी होती है। इस चरण में इलाज ज्यादातर अप्रभावी रहता है। इसलिए डॉक्टर्स, खासकर सामान्य प्रैक्टिशनर्स के बीच इस बीमारी की जागरुकता बढ़ाए जाने की जरूरत है, ताकि वो स्पुटम की जाँच (टीबी के मामले में) या बायोप्सी (कैंसर के मामले में) द्वारा निदान करने के महत्व को समझ सकें।

डॉ. नरेश त्रेहान, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर,मेदांता ने कहा, 'इस अध्ययन के परिणाम पहले अप्रभावित रहने वाले लोगों में बढ़ते मामले प्रदर्शित कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। मेदांता वैश्विक स्तरों के अनुरूप फेफड़ों के कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक प्रिवेंटिव एवं इलाज की सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

डॉ. अरविंद कुमार, चेयरमैन, इंस्टीट्यूट ऑफ चेस्ट सर्जरी, चेस्ट ऑन्को सर्जरी एवं लंग ट्रांसप्लांटेशन, मेदांता, गुरुग्राम ने कहा, 'फेफड़ों का कैंसर एक जानलेवा बीमारी है,जिसमें बचने की दर सबसे कम 5 साल है। मैं युवाओं, धूम्रपान न करने वालों, और महिलाओं में इस बीमारी के बढ़ते मामलों को देखकर हैरान हूँ। पारंपरिक रूप से फेफड़ों के कैंसर का कारण धूम्रपान होता था, लेकिन अब इस बात के सशक्त प्रमाण मिल रहे हैं कि फेफड़ों का कैंसर हवा के प्रदूषण के कारण बढ़ रहा है।



सर्जरी

# सर्जरी के जरिये 3 किलोग्राम वजनी बड़े फाइब्रॉएड वाले गर्भाशय को निकाला गया

- फाइब्रॉएड काफी बड़ा होने के कारण गर्भाशय अपने सामान्य आकार से 8 गुना ज्यादा बड़ा हो गया था।
- मरीज के पेट में गांठ और भारीपन, पीरियड्स के दौरान बहुत ज्यादा दर्द और पेट में ऐंठन का अनुभव हो रहा था।
- टोटल एब्डॉमिनल हिस्टेरेक्टॉमी (टीएएच) का उपयोग करके गर्भाशय को सफलतापूर्वक हटाया गया।
- गर्भाशय फाइब्रॉएड को गर्भाशय लेयोमायोमास या मायोमास भी कहा जाता है। फाइब्रॉएड में होने वाली यह वृद्धि कैंसर नहीं होती है। यह उभार गर्भाशय की मांसपेशियों की दीवार में होता है।

नोएडा की 42 वर्षीय महिला को पेट में गांठ और भारीपन, पीरियड्स के दौरान बहुत ज्यादा दर्द और 6 महीने से ज्यादा समय तक पेट में ऐंठन का अनुभव करने के बाद एहसास हुआ कि उसके साथ कुछ बड़ी समस्या है। इन लक्षणों का अनुभव करने के बाद पिछले तीन सालों से उसे बेहोशी आ रही थी और उसका हीमोग्लोबिन का लेवल बहुत कम हो गया था। पीड़िता 4 बच्चों की मां है। वह अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थी और जांच करने पर पता चला कि उसके गर्भाशय में एक बड़ा फाइब्रॉएड है। इसका इलाज़ मात्र सर्जरी से ही हो सकता था। बड़े फाइब्रॉएड के कारण महिला का गर्भाशय सामान्य आकार से 8 गुना बड़ा हो गया था। इस केस के बारे में बात करते हुए डॉ मारवाह ने कहा, महिला को डिसमेनोरिया और पेट के क्षेत्र में गांठ का पता चलने पर नोएडा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया था। महिला मे पिछले तीन साल से बार-बार पेशाब में खून भी आ रहा था। जांच करने पर और क्लीनिकल अल्ट्रासाउंड के बाद पेट में मौजूद एक बड़ी गांठ गर्भाशय में फाइब्रॉएड के रूप में पाई गई। महिला अपनी बीमारी को समझती थी और चूंकि उसके बच्चे हो गए थे इसलिए वह आसानी से गर्भाशय निकलवाने के लिए राजी हो गई। सर्जरी थोड़ी मुश्किल थी क्योंकि फाइब्रॉएड 3 किलो का था।

जब पीरियड्स के दौरान बहुत तेज़ दर्द होता है और पेट मे ऐंठन होती है तो इस स्थिति को डिसमेनोरिया कहा जाता है। डॉ मारवाह ने आगे कहा, 3 द्मद्द वाले फाइब्रॉएड को निकालना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया थी क्योंकि इतने बड़े फाइब्रॉएड के कारण बनी गांठ से गर्भाशय का आकार बढ़ गया था। पीड़िता का पेट इतना बड़ा था कि ऐसा लग रहा था कि वह गर्भवती है। अल्ट्रासाउंड कराने पर पता चला कि उसमें एक बड़ा फाइब्रॉएड था जिसकी वजह से गर्भाशय डैमेज हो गया है। ऑपरेशन से हमें गर्भाशय निकालना पड़ा।

गर्भाशय फाइब्रॉएड को यूटरस लेयोमायोमास या मायोमास भी कहा जाता है। फाइब्रॉएड में होने वाली वृद्धि कैंसर नहीं होती है। यह उभार गर्भाशय की मांसपेशियों की दीवार में होता है। फाइब्रॉएड महिला प्रजनन अंगों में सबसे ज्यादा होने वाला ट्यूमर का प्रकार है।

डॉ मारवाह ने कहा, चूंकि फाइब्रॉएड का आकार बहुत बड़ा था और इसकी वजह से गर्भाशय डैमेज हो गया था। इस वजह से महिला को बहुत ज्यादा दर्द और ऐंठन हो रही थी। इसके समाधान के लिए हमें गर्भाशय को हटाना पड़ा।

अध्ययन

# जल्द दी जाए तो कोविड मृत्यु दर को कम कर सकती है रेमडेसिविर

**अध्ययन में कहा गया है कि कम संख्या में रोगियों ने त्वचा पर चकत्ते जैसी प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं का अनुभव किया, जिससे उन्हें रेमडेसिविर लेना बंद करना पड़ा, जबकि अधिक अनुपात में मरीजों को गुर्दे व यकृत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन वे इलाज जारी रखने में सक्षम थे।**

एशियाई रोगियों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, यदि कोविड-19 के लक्षण शुरू होने के नौ दिनों के भीतर रोगियों को रेमडेसिविर दी जाए तो यह मृत्यु दर को कम कर सकती है। अध्ययन में कहा गया कि तोक्यो मेडिकल एंड डेंटल यूनिवर्सिटी (टीएमडीयू) के शोधकर्ताओं ने पाया कि कोविड-19 के लक्षण शुरू होने के नौ दिनों के भीतर रेमडेसिविर के साथ उपचार करने से कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स लेने वाले एशियाई रोगियों में मृत्यु दर कम रही। अध्ययन के मुताबिक, कई अध्ययनों में पहले ही यह स्पष्ट हो चुका है कि रेमडेसिविर से कोविड-19 के मरीजों के ठीक होने में लगने वाला समय कम हो सकता है। हालांकि इस बात को लेकर विरोधाभासी रिपोर्ट हैं कि क्या यह दवा मरीजों की मौत को रोक सकती है। इसके अलावा पूर्व में किए गए परीक्षणों में उन मरीजों पर ध्यान नहीं दिया गया था जिन्हें आईसीयू में रहने के दौरान सांस लेने के लिए चिकित्सकीय उपकरणों की मदद की जरूरत थी। अध्ययन के प्रथम लेखक मारिको हानाफूसा ने कहा, लाभ के बारे में असंगत साक्ष्यों को देखते हुए, हमने कोविड-19 के उन रोगियों में रेमडेसिविर की प्रभावशीलता की जांच करने की मांग की जिन्हें जापान में एक आईसीयू में भर्ती कराया गया था। हानाफूसा ने कहा, इन सभी रोगियों का निमोनिया के लिए कॉर्टिकोस्टेरॉइड के साथ इलाज किया जा रहा था, और कुछ को सांस लेने के लिए यांत्रिक सहायता दी जा रही थी।

अध्ययन के अनुसार, शोधकर्ताओं ने अप्रैल 2020 से नवंबर 2021 के बीच टीएमडीयू अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कोविड-19 के 168 रोगियों के चिकित्सा रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। जर्नल ऑफ मेडिकल वायरोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया कि रोगियों को इस आधार पर समूहों में विभाजित किया गया था कि उनका उपचार रेमडेसिविर के साथ किया गया था या नहीं। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक ताकेओ फुजीवारा ने कहा, जिन रोगियों ने रेमडेसिविर के साथ उपचार प्राप्त किया उनके जीवित रहने में स्पष्ट अंतर परिणाम में नजर आया। फुजीवारा ने कहा, अस्पताल में आईसीयू के उन रोगियों में मृत्यु दर काफी कम थी जिन्हें लक्षण शुरू होने के नौ दिनों के भीतर रेमडेसिविर और कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स दी गई जबकि जिन रोगियों का रेमडेसिविर के साथ उपचार पहली बार लक्षण विकसित होने के 10 या अधिक दिनों बाद शुरू हुआ था उनमें मृत्युदर अपेक्षाकृत अधिक थी।

अध्ययन में कहा गया है कि कम संख्या में रोगियों ने त्वचा पर चकत्ते जैसी प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं का अनुभव किया, जिससे उन्हें रेमडेसिविर लेना बंद करना पड़ा, जबकि अधिक अनुपात में मरीजों को गुर्दे व यकृत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन वे इलाज जारी रखने में सक्षम थे। हानाफूसा ने कहा, हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि जापान में गंभीर से जटिल चरण के कोविड-19 से ग्रस्त रोगियों की बड़ी संख्या में रेमडेसिविर व कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स का जल्द उपचार मृत्युदर में कमी से जुड़ा हुआ है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।